दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-97 | झुंझुनू (राजस्थान) | शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जो व्यक्ति अपने प्रयासों पर भरोसा करता है, उसे भाग्य के सहारे की आवश्यकता नहीं पड़ती; क्योंकि मेहनत ही वह चाबी है, जो बंद किस्मत के दरवाज़े भी खोल देती

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## अंधविश्वास की अंधेरी गुफा से कर्म के प्रकाश तक

समाज की प्रगति केवल भौतिक साधनों से नहीं होती, बल्कि विचारों की स्पष्टता और कर्म की प्रतिबद्धता से होती है। जब व्यक्ति अपने जीवन की चुनौतियों का सामना तर्क, परिश्रम और धैर्य से करने के बजाय टोटकों, नक्षत्रों या चमत्कारों के भरोसे करने लगता है, तब अंधविश्वास जन्म लेता है। अंधविश्वास मूलतः भय और असुरक्षा की उपज है। यह मनुष्य के भीतर उस कमजोरी को दर्शाता है, जहाँ वह अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहता है और भाग्य को किसी अदृश्य शक्ति के हवाले कर देता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

अंधविश्वास की सबसे बड़ी हानि यह है कि यह व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर कर देता है। जब कोई छात्र परीक्षा में असफल होता है और कारण अपनी तैयारी की कमी के बजाय ग्रह-नक्षत्रों को मानता है, तब वह वास्तविक समस्या से दूर भाग रहा होता है। इसी प्रकार, यदि कोई व्यापारी नुकसान का कारण अपनी रणनीति की भूलों के बजाय किसी अपशकुन को मान ले, तो वह सुधार का अवसर खो देता है। इस प्रकार अंधविश्वास आत्मविश्लेषण की प्रक्रिया को रोक देता है। व्यक्ति यह मान बैठता है कि उसका जीवन किसी बाहरी शक्ति द्वारा नियंत्रित है, और वह स्वयं असहाय है। परिणामस्वरूप उसका आत्मविश्वास धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। इसके विपरीत, कर्म का सिद्धांत मनुष्य को सशक्त बनाता है। कर्म हमें यह सिखाता है कि हम अपने भाग्य के निर्माता स्वयं हैं। जब व्यक्ति यह स्वीकार करता है कि सफलता और असफलता उसके प्रयासों पर निर्भर करती है, तब उसके भीतर जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। वह समस्याओं से भागता नहीं, बल्कि उनका समाधान खोजने का प्रयास करता है। कर्मशील व्यक्ति यह जानता है कि हर चुनौती एक अवसर भी हो सकती है–यदि वह धैर्य और अनुशासन से काम ले। कर्म के माध्यम से न केवल कौशल विकसित होता है, बल्कि व्यक्तित्व भी निखरता है। निरंतर प्रयास करने से व्यक्ति में अनुशासन आता है। वह समय का महत्व समझता है और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहता है। धैर्य उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है, क्योंकि वह जानता है कि हर सफलता के पीछे निरंतर अभ्यास और संघर्ष छिपा होता है। यही गुण उसे विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिर बनाए रखते हैं। अंधविश्वास व्यक्ति को निष्क्रिय बनाता है, जबकि कर्म उसे सक्रिय और जागरूक बनाता है। अंधविश्वासी व्यक्ति कठिन परिस्थिति में घबरा जाता है और किसी चमत्कार की प्रतीक्षा करता है। इसके विपरीत, कर्मशील व्यक्ति स्थिति का विश्लेषण करता है, विकल्पों पर विचार करता है और समाधान खोजने में जुट जाता है। यही दृष्टिकोण उसे वास्तविक अर्थों में आत्मनिर्भर बनाता है। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं होती, बल्कि मानसिक और बौद्धिक भी होती है। जब व्यक्ति स्वयं निर्णय लेने में सक्षम होता है, तभी वह सच्चे अर्थों में स्वतंत्र होता है। समाज के स्तर पर भी अंधविश्वास एक बाधा है। यह वैज्ञानिक सोच और तार्किक दृष्टिकोण के विकास को रोकता है। जब समाज समस्याओं का समाधान शोध, शिक्षा और नवाचार के माध्यम से खोजने के बजाय अंधविश्वासी उपायों में ढूंढता है, तब उसकी प्रगति रुक जाती है। इतिहास साक्षी है कि जिन समाजों ने तर्क और पुरुषार्थ को प्राथमिकता दी, वही आगे बढ़े। शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का विकास तभी संभव हुआ जब मनुष्य ने प्रश्न पूछने और प्रमाण खोजने का साहस किया।

यह समझना आवश्यक है कि आस्था और अंधविश्वास में अंतर है। आस्था व्यक्ति को नैतिक शक्ति देती है, उसे सकारात्मक बनाए रखती है। परंतु अंधविश्वास तर्क को बंद कर देता है और व्यक्ति को भ्रम में डाल देता है। जब आस्था कर्म से जुड़ती है, तब वह प्रेरणा बनती है; लेकिन जब वह कर्म का स्थान ले लेती है, तब वह बाधा बन जाती है। आज आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों और युवाओं को यह सिखाएँ कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्हें यह समझाना होगा कि परिश्रम, निरंतर अभ्यास और सही दिशा में प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। यदि हम उन्हें यह विश्वास दिलाएँ कि उनका भविष्य उनके हाथों में है, तो वे आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

**अंततः**, अंधविश्वास एक अंधेरी गुफा के समान है, जहाँ विकास की किरणें नहीं पहुँच पातीं। वहाँ व्यक्ति भय, भ्रम और निष्क्रियता में उलझा रहता है। इसके विपरीत, कर्म वह प्रकाश है जो प्रगति के द्वार खोलता है। यह प्रकाश आत्मविश्वास, अनुशासन और साहस से उत्पन्न होता है।

समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब हम तर्क, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पुरुषार्थ को प्राथमिकता दें। जब हर व्यक्ति यह स्वीकार करेगा कि वह अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है, तब न केवल उसका जीवन उज्ज्वल होगा, बल्कि समाज भी समृद्ध और सशक्त बनेगा। यही सफलता और स्थायी खुशी का सच्चा मार्ग है।

# सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को सदन में बोलने से रोका, कांग्रेस का वॉकआउट – विधानसभा में मचा बवाल

## सूरजगढ़ की आवाज़ दबाने का आरोप, श्रवण कुमार प्रकरण पर कांग्रेस का सदन से वॉकआउट

### स्पीकर के हस्तक्षेप से बढ़ा विवाद, सूरजगढ़ विधायक के मुद्दे पर सदन ठप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़/जयपुर।**



राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को अनुदान मांगों पर चल रही बहस के दौरान सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार को बोलने से रोके जाने के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि भारी शोर-शराबे के बीच सदन की कार्यवाही को आधे घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, सभापति द्वारा पहले विधायक श्रवण कुमार को अनुदान मांगों पर बोलने की अनुमति दी गई थी और वे सदन में अपना पक्ष रख भी रहे थे। इसी दौरान स्पीकर वासुदेव देवनानी सदन में पहुंचे और हस्तक्षेप करते हुए श्रवण कुमार को बोलने से रोक दिया। स्पीकर ने कहा कि उन्हें पहले ही आज बोलने से मना किया गया था तथा वे पिछले छह दिनों से चर्चा में भाग ले रहे हैं, ऐसे में उन्हें किसी अन्य दिन बोलने का अवसर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने अपने आदेशों की अवहेलना सहन नहीं करने की बात भी कही।

इस घटनाक्रम के बाद विपक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि पहले अनुमति देकर फिर सदस्य को बोलने से रोकना न केवल गलत है, बल्कि यह विधायक का अपमान भी है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि विपक्ष सरकार की मेहरबानी से सदन में नहीं बैठा है और इस प्रकार की कार्यशैली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शाम 7:27 बजे कार्यवाही पुनः शुरू होने के बाद भी कांग्रेस विधायक इस मुद्दे पर नाराज़ रहे और विरोध स्वरूप सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर बाहर निकल गए। इसके बाद अनुदान मांगों पर चर्चा कांग्रेस विधायकों की अनुपस्थिति में ही जारी रही। इससे पहले भी बहस के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सरकार और मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस दौरान शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर तथा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के साथ उनकी तीखी बहस हुई। पंचायत चुनावों में SIR सूची को लेकर भी सदन में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला, जिससे कई बार हंगामे की स्थिति बनी। इधर, सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में इस घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष देखा जा रहा है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अपने विधायक के साथ हुए इस व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे क्षेत्र की जनता का अपमान बताया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है और आगामी दिनों में कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन की रणनीति भी बनाई जा सकती है।



'मैं अपने क्षेत्र सूरजगढ़ की जनता के साथ-साथ पूरे राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर विधानसभा में लगातार आवाज उठाता रहा हूँ। मेरी आवाज को दबाने के लिए यह एक सुनियोजित प्रोपेगेंडा किया गया है। विपक्ष के विधायक के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना न केवल एक जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि सूरजगढ़ की जनता के साथ भी छल-कपट है। मैं लगातार पानी, सड़क, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मूलभूत मुद्दों को सदन में उठाता रहा हूँ और आगे भी मजबूती से उठाता रहूँगा।'

**– श्रवण कुमार, विधायक, सूरजगढ़**

## बीकानेर में कार्यवाहक संस्था प्रधान से मारपीट के विरोध में काली पट्टी बांधकर जताया रोष

### शिक्षक सुरक्षित नहीं तो शिक्षा सुरक्षित नहीं– संजू नेहरा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छिलरी के कार्मिकों एवं अभिभावकों ने बीकानेर में कार्यरत कार्यवाहक संस्था प्रधान किशनाराम कयाल के साथ हुई मारपीट की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। गुरूवार को कार्यालय समय में सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया तथा घटना की घोर निंदा की। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षक का स्थान भगवान के समान माना गया है। इस प्रकार की घटनाएं शिक्षक समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं ठोस कार्रवाई की मांग की। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विरोध प्रदर्शन के दौरान वाइस प्रिंसिपल मोनिका पालीवाल, व्याख्याता संदीप कुमार, हरिश कुमार, अर्पणा सैनी, वरिष्ठ अध्यापक महावीरप्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, सतीश कुमार पालीवाल, रामलखन सैनी, अध्यापक जीवनराम, रमेशचंद, कनिष्ठ सहायक अभिषेक, पंचायत सहायक सुमन शर्मा, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी सत्यनारायण सैनी सहित अभिभावक परमेश्वरी देवी उपस्थित रहे।

इधर, शिक्षकों ने सोशल मीडिया पर भी घटना के विरोध में आक्रोश जताया। मोबाइल स्टेटस, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा गया कि 'जो हाथ बच्चों को भविष्य सिखाते हैं, उन्हीं हाथों पर जबरन अन्य विभागों के कार्य एवं दस्तावेज प्रमाणित करने का दबाव और हिंसा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि शिक्षक सुरक्षित नहीं तो शिक्षा सुरक्षित नहीं।' शिक्षकों ने यह भी स्पष्ट किया कि जाति, मूल एवं आय प्रमाण पत्र बनाना पटवारी और तहसीलदार का कार्य है, न कि सरकारी शिक्षकों का। कुछ स्थानों पर दो दिनों तक आय एवं जाति प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर नहीं करने संबंधी संदेश भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसके अलावा 'सरकारी स्कूल का प्रिंसिपल, लेक्चरर या शिक्षक आपके दस्तावेजों पर साइन करे, यह आपका अधिकार नहीं है, केवल सुविधा है। शिक्षक के स्वाभिमान से समझौता नहीं।' जैसे मैसेज भी सामने आए है। शिक्षक समुदाय ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राजस्थान ग्रामीण बैंक की दो नवीन शाखाओं का किया उद्घाटन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**



**सोहनलाल परिहार** । केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को राजस्थान ग्रामीण बैंक की जिले की दो नई शाखाओं सोवा एवं वैशालीपुरम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से देश भर में बैंकिंग सेवाएं सशक्त हुई हैं। आज आम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधा सुलभ हो सकी हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान ग्रामीण बैंक की दो नई शाखाएं खुलने से ग्रामीणों के लिए यह सुविधाएं सुलभ होंगी। क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन साहू ने बताया कि इन नई शाखाओं की शुरुआत के साथ बैंक की कुल 1602 शाखाएं हो गई हैं, जिनसे आमजन को बैंकिंग सेवाएं और अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। इस दौरान नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. आर. रवि बाबू भी मौजूद रहे। बैंक के अध्यक्ष मुकेश भारतीय वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समारोह से जुड़े।इस अवसर पर बैंक द्वारा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत 4.50 करोड़ रुपए के ऋण वितरण किए गए। साथ ही पशुपालन क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु 51 ऋण प्रकरणों में कुल 1.02 करोड रुपए की राशि वितरित की गई।इस दौरान बैंक के महाप्रबंधक योगेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अभिमन्यु चारण सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहें।

## मार्च माह का जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिले में मार्च माह में आयोजित होने वाली त्रि स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके तहत 5 मार्च को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी। वहीं 12 मार्च को अटल जन सेवा शिविर ब्लाक स्तर पर आयोजित होगा, पिलानी एवं सिंघाना ब्लॉक के ये शिविर 13 मार्च कोआयोजित होगा। वहीं जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 मार्च को कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग करेंगे।

## एमएसएमई जागरूकता कार्यशाला में उद्योगों को सरकारी प्रोत्साहनों से जुड़ने का आह्वान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद्र** । नीमराना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एसोसिएशन भवन में एमएसएमई से संबंधित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्यमियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओ.पी.सहारण ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लघु एवं मध्यम उद्योगों तक भी प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है और उद्योगों से भी अपेक्षा है कि वे सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। जयपुर से आए विशेषज्ञ दल के प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज कुमार एवं राजेश कुमार ने एमएसएमई योजना, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना, जीआई टैगिंग, एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना तथा ग्रीन ऑडिट योजना सहित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उद्यमियों ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों को समझते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कोटपुतली-बहरोड़ जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक भंवरलाल सैनी ने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रभावी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने उद्यमियों से राजस्थान सिंगल विंडो पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल कौशिक ने कहा कि कई बार उद्यमियों को योजनाओं की सटीक जानकारी नहीं मिल पाती। ऐसे में विभाग और उद्योगों के बीच संवाद सेतु का कार्य करने वाली यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी रही। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हैवेल्स इंडिया के प्लांट हेड राकेश त्रिपाठी ने कहा कि एसोसिएशन उद्योगों के हितों की रक्षा एवं उत्पादन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों को प्राथमिकता देता है। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के संरक्षक एवं हॉटवायर के निदेशक एल.एम. माथुर, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, विनोद पांडे, सह महासचिव अमित यादव, लोकेंद्र कुमार, भास्कर भ्रमर, आशीष मलिक, जी.एम.ए. अध्यक्ष आर.एस. अरोड़ा, जी.आई.ए. अध्यक्ष चरणसिंह यादव, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्य रुकमणी कौशिक, डॉ. संजीव कुमार, एचआर फोरम महासचिव लोकेश खंडेलवाल, प्रकाश शर्मा, संदीप जांगिड़, अभिषेक शर्मा सहित अनेक उद्योगपति उपस्थित रहें।

## भारु गांव में पर्यावरण विषय पर सेमिनार कार्यक्रम आयोजित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वाधान ट्रेनिंग सेंटर भारु में चल रहे शिविर कब मास्टर फ्लॉक लिडर बेसिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान पर्यावरण विषय को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह भांबू अध्यक्ष पूर्व सैनिक सेवा परिषद झुन्झनू विशिष्ट अतिथि कैप्टन सुमेर बोला व सुबेदार सुमेर महला रहे कार्यक्रम में जिला ओर्गेनाइजर स्काउट प्रदीप कुमार ईशरवाल द्वारा सभी अतिथियों का स्काउट रीति के अनुसार स्वागत किया गया अतिथियों द्वारा पर्यावरण विषय के उपर विशेष जानकारी दी गई पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा द्वारा पर्यावरण विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी की गई सही जवाब देने वाले को अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया अतिथियों व सेना अधिकारियों द्वारा जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट प्रदीप कुमार ईशरवाल व पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा का स्कार्फ व मेडल पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में आय अतिथियों का मंडावा ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्यवीर पुनिया ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापिका मीरा ईशरवाल , सुरेन्द्र, रामनिवास, दीपक, दीपिका बिरख, प्रियंका, रीना, पिंकू भारु, मोनिका, राजबाला उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर ने किया।

# ब्रोकली की खेती

## कर किसान कमाएं अधिक मुनाफा

ब्रोकली गोभीय वर्गीय सब्जियों के अंतर्गत एक प्रमुख सब्जी है। यह एक पौष्टिक इटालियन गोभी है। जिसे मूलतः सलाद, सूप, व सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है। ब्रोकली दो तरह की होती है - स्प्राउटिंग ब्रोकली एवं हेडिंग ब्रोकली। इसमें से स्प्राउटिंग ब्रोकली का प्रचलन अधिक है। हेडिंग ब्रोकली बिलकुल फूलगोभी की तरह होती है, इसका रंग हरा, पीला अथवा बैंगनी होता है। हरे रंग की किस्म ज्यादा लोकप्रिय है। इसमें विटामिन, खनिज लवन (कैल्शियम, फास्फोरस एवं लौह तत्व) प्रचुरता में पाये जाते हैं।



पौष्टिकता से भरपूर होने के कारण गर्भवती महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद है। देश के बड़े शहरों में इसकी अत्यधिक मांग होने के कारण इसकी खेती पर्वतीय क्षेत्रों में विशेषकर हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर की जाने लगी है। उत्तराखंड में भी इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इसका बाजार भाव अधिक होने के कारण किसानों को अधिक आय प्रदान कर सकती है। अधिक मुनाफा देने के कारण किसान समाधान इसकी जानकारी लेकर आया है।

### खेत की तैयारियां



ब्रोकोली के लिए दुमट अथवा बलुई - दुमट मिटटी वाली भूमि सर्वोतम मणि जाती है। अधिक अम्लीय भूमि इसके लिए अच्छी नहीं होती है। भूरी मिटटी एवं उपजाऊपन वाले खेत भी इसकी खेती हेतु उपयुक्त होते हैं, किन्तु उनमें जल निकास का उचित प्रबंध होना चाहिए। खेत में पानी रुकना नहीं चाहिए अन्यथा पौधों की बढवार रुक जाती है और पौधे पीले पड़कर सड़ने लग जाते हैं। खेत की तैयारी के लिए दो जुताई पर्याप्त होती हैं, जिसमें अच्छी साड़ी गोबर की खाद दो कुन्तल प्रति नाली की दर से मिलाकर रोपाई हेतु भली - भंति तैयार करना चाहिए।

### बीज बुवाई का समय

अच्छे शीर्षों के निकलने एवं विकास के लिए 12 - 16 डिग्री सेन्टीग्रेट तापमान उपयुक्त होता है। अतः बीज की बुवाई एवं रोपाई के समय का निर्धारण उचित तापमान तथा क्षेत्र विशेषकर एवं वातावरणीय प्रस्थिति को ध्यान में रखते हुये किया जाना चाहिए।

निचले पर्वतीय क्षेत्र - सितम्बर अन्त से अक्तूबर
मध्य पर्वतीय क्षेत्र - मध्य अगत से सितम्बर
वेमौसमी खेती हेतु नवम्बर से मध्य जनवरी
ऊँचे पर्वतीय क्षेत्र - मार्च अथवा अप्रैल

### बीज दर

ब्रोकोली के लिए 400 - 500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर ( 8 - 10 ग्राम प्रति नाली ) पर्याप्त होता है।

### पौधशाला की तैयारी

जमीन से 15 सेमी. उठी हुयी नर्सरी की क्यारी में अच्छी साड़ी हुयी गोबर / क्म्पोष्ट खाद तथा 50 - 60 ग्राम प्रति वर्गमीटर की दर से सिंगल सुपर फास्फेट मिलाकर भूमि की तैयारी करनी चाहिए। पौधशाला में भूमिगत कीटों एवं व्याधियों से बचाव के इए यह उपाय अपनायें।

क्यारी में 5 ग्राम थायरम प्रति वर्गमीटर की दर से अच्छी प्रकार मिलाकर 5 - 7 सेमी. की दुरी पर 1.5 - 2 सेमी. गहरी कतारें निकालें। तत्पश्चात कवकनाशी 10 ग्राम ड्राईकोडर्मा या एक ग्राम कार्बेन्डाजिम अथवा 2.5 ग्राम थाइरम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से शोधित बीज की बुवाई करें तथा जमने तक हल्की सिंचाई फव्वारे द्वारा करें। अधिक वर्ष से बचाव हेतु नर्सरी की क्यारी को घासफूस की छपर अथवा पालीथीन शीट से ढकने का प्रबन्ध रखना चाहिए। बेमौसमी खेती हेतु पौध पालीहाउस अथवा पालिटनल के अन्दर तैयार करनी चाहिए। पालीहॉउस अथवा पालीटनल के अन्दर भी पौधशाला में जड़ों में तापमान आवश्यकता से कम होने पर पालीहाउस में हीटर लगा दें। इससे बीजों का जमाव शीघ्र होने में मदद मिलेगी।

### रोपाई

रोपाई हेतु 25 - 30 दिन की पौध उपयुक्त होती है। अतः पौध तैयार होने पर रोपाई शीघ्र करें। रोपाई से पूर्व नत्रजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा और 500 ग्राम थीमेट प्रति नाली की दर से खेत में छिड़क कर अच्छी तरह खेत तैयार कर लें। उसके बाद कतार से कतार की दूरी 45 - 50 सेमी. तथा पौध की दुरी 45 - 50 सेमी. रखते हुये पौध रोपाई कर हल्की सिंचाई करें। यदि कुछ पौधे मर गये हों अथवा बढवार अच्छी न हो तो उनके स्थान पर नई पौध की पुन : रोपाई एक हफ्ते के अन्दर कर दें। रोपाई के एक माह बाद शेष आधी नत्रजन मात्रा छिड़क कर पौधों के चारों तरफ मिटटी चढायें।

### खाद या उर्वरक

उर्वरको का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना उपयुक्त रहता है। अच्छी उपज के लिए प्रति हैक्टेयर 15 - 20 टन गोबर / क्म्पोष्ट खद, 100 किलोग्राम नत्रजन, 100 किलोग्राम फास्फोरस तथा 50 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग किया जाना अनुकूल होता है।

### खरपतवार नियंत्रण

शुरू के डेढ़ से दो माह तक खेत से खरपतवार निकलते रहें जिससे पौधों की बढवार अच्छी हो सके। इसके लिए आवश्यकतानुसार दो से तिन निराई - गुडाई पर्याप्त होगी।

### जड़ विगलन

इस रोग के कारण रोपाई के उपरान्त कुछ पौधों की बढ़वार रुकी हुई दिखायी पड़ती है। पौधों को उखाड़कर देखने पर पत्ता चलता है कि इनकी जड़ें गलकर केवल एक तार की तरह हो गई हैं। इसकी रोकथाम के लिए बीज उपचार आर्द्रगलन रोग जैसा करें, रोपाई के समय पौध को दावा के घोल में डुबोकर लगायें तथा रोग के लक्षण खेत में दिखाई देने पर कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर ( एक ग्राम / लीटर पानी ) से घोल बनाकर पौधों की जड़ों के पास छिड़काव करें तथा उचित फसलचक्र भी अपनायें।

कलि पर्णचिती रोग व मृदुल आसिता :-

इस रोग के कारण पत्तियों पर काले या भूरे धब्बे दिखाई देते हैं। इसके नियंत्रण हेतु मैंकोजेब 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से पौधों में छिड़काव करें।

### कीट नियंत्रण

माहू :- इस कीट के व्यस्क तथा शिशु दोनों ही मुलायम पत्तियों से रस चूसकर पौधों को हानि पहुंचाते हैं। पत्तियां पिली पद कर सूखने लगती हैं। प्रकोप अधिक होने पर गोभी के शीर्षों में भी माहू दिखायी पड़ते हैं। इसके नियंत्रण हेतु एजेडारेकटीन 1 - 2 मिली. अथवा इमिडाक्लोप्रिड 0.3 मिली. प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

### गोभी की तितली

यह एक सफ़ेद रंग की तितली हैं, जिसके पीले रंग के अंडे गुच्छे में पत्तियों के पिछ्ली स्थ पर बहुतायत में दिखाई पड़ते हैं। अंडो से निकलने वाली शुरुआती अवस्था से ही पत्तियों को भरी मात्रा में क्षति पहुंचती हैं। इसके नियंत्रण हेतु सबसे अंडों को चुनकर नष्ट कर दें फिर नियंत्रण हेतु इंडोसल्फान 35 ई.सी.का 2 मिली. अथवा इंडोक्साकार्ब 14.5 ई.सी. का 0.2 मिली. या बैसिलस थुरिंजीयेन्सिस का 1.5 - 2.0 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

### फसल की कटाई

ब्रोकोली के शीर्ष की कटाई शीर्ष की कलियों के खुलने से पहले ही की जाती है। शीर्ष को 10 - 20 से.मी. तने ( डंठल ) के साथ काट लिया जाता है। इसके पश्चात् निचले पत्तों के कक्षों से नई कोपलें निकलती है जिनमे छोटे - छोटे शीर्ष बनते हैं। इन्हें भी समय - समय पर काट लेना चाहिए।

### उपज

ब्रोकोली की औसत उपज 150 - 200 कुन्तल प्रति हैक्टेयर ( 3 - 4 कुन्तल प्रति नाली ) है।



### अनुमोदित किस्में

#### के.टी.एस.- 1 :-

इस किस्म के शीर्ष हरे रंग के कोमल डंठल युक्त होते हैं, जिनका औसत वजन 200 - 300 ग्राम होता है और रोपाई के लगभग 80 - 90 दिनों बाद काटने योग्य हो जाता है। मुख्य शीर्ष काटने के कुछ दिनों बाद छोटे - छोटे शीर्ष शाखाओं की तरह मुख्य भाग के रूप में पत्तियों के कक्षों से निकलते हैं उन्हें भी काटकर उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है।

#### पालक समृद्धि

यह किस्म भी हरे शीर्ष वाली स्प्राउटिंग ब्रोकोली किस्म है। जिसका शीर्ष भाग बड़ा एवं लम्बे कोमल डंठल युक्त होता है। प्रत्येक शीर्ष का औसत वजन 25- - 300 ग्राम होता है। मुख्य शीर्ष को काटने के बाद छोटे - छोटे शीर्ष पत्तों के कक्षों से निकलते हैं। यह किस्म 85 - 90 दिनों में रोपाई के बाद कटाई योग्य हो जाती है। इसमें येलो आई रोग एवं ब्रैक्टिंग विकार के लिए प्रतिरोधिता पायी जाती है।

#### एन.एस.- 50

यह मध्यम अवधि में तैयार होने वाली संकर किस्म है। इनके हेड गठीले, समरूप एवं गुम्बदाकार होते हैं। यह किस्म कैट आई से रहित है। इसके पौधे मृदुरोमिल आसिता एवं काला सडन रोग के प्रति सहनशील है। इसका बीज नामधारी मार्क से बाजार में मिलता है।

#### ब्रोकोली संकर - 1 :

इसकी परिपक्वता रोपाई के 60 - 65 दिन बाद होती है। इसके शीर्ष हरे रंग के गठीले होते हैं, जिसका औसत वजन 600 - 800 ग्राम होता है। इसके बीज राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा किसानों को उपलब्ध कराये जाते हैं।

#### टी.डी.सी. - 6 :

इसके शीर्ष हरे रंग के होते हैं, जिसका औसत वजन 600 - 800 ग्राम होता है। इसकी फसल रोपाई के 65 - 70 दिन बाद तैयार हो जाती है। इसकी बुवाई दर 300 - 350 ग्राम प्रति हैक्टेयर अनुमोदित की गयी है। इस प्रजाति के बीज उत्तराखंड तराई बीज निगम, पंतनगर द्वारा किसानों को उपलब्ध कराये जाते है।

### रोग नियंत्रण

इस फसल में बीमारियों का प्रकोप अधिक नहीं होता है किन्तु रोपाई के बाद कुछ कीटों एवं व्याधियों का प्रकोप हो सकता है।

#### आर्द्रपतन

पौध जमीन की स्थ से गलकर मरने लगती है। इसके उपचार एवं रोकथाम के लिए निम्न उपाय अपनाने चाहिए।

भूमि में जल निकास का उचित प्रबन्ध करें।

नर्सरी का स्थान ऊँची जगह पर चुने एवं हर वर्ष बदलते रहें।

कार्बेन्डाजिम एक ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीजोपचार कर बुवाई करें अथवा जैविक विधि से बीज उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा विरिडी ( 4 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज ) अथवा ट्राइकोडर्मा हरजियानम 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज अथवा 25 ग्राम ट्राइकोडर्मा एवं 2.5 किलोग्राम गोबर की खाद में मिलाकर प्रति नाली की दर से पौधशाला की मिटटी में मिलायें।

नर्सरी में बीज की घनी बुवाई न करें और बुवाई कतारों में करें।

पौधशाला को सौर्यकरण द्वारा निर्जिविकरण करें।

बुवाई के 10 दिन बाद कार्बेन्डाजिम की 1 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर क्यारियों को तर करें तथा पुः 15 - 20 दिन बाद इसी दावा के घोल से क्यारी को ट्र कर लें।

# चीकू की आधुनिक खेती कैसे करें ?

चीकू की खेती भारत के आंध्रप्रदेश, गुजरात, महारष्ट्र, कर्नाटक तथा तमिलनाडु राज्यों में की जाती है। हाल के वर्षों में इसकी खेती अलग - अलग राज्यों में होने लगी है। इसकी खेती में कम लगत में अधिक मुनाफे के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इस फल के लिए एक खास बात यह है की इसकी खेती के लिए कम सिंचाई के साथ - साथ रख - रखाव आसान है। सबसे बड़ी बात है की इसकी अधिक मांग रहने से बाजार आसानी से उपलब्ध हो जाता है। लेकिन उन्नत तरह से खेती करने से चीकू का उत्पादन अधिक होता है।

### उन्नत किस्में

बड़े फल तथा पतले छिलके के साथ गुदा मीठा अच्छे चीकू का पहचान है इसलिए इसकी उन्नत किस्मों का अधिक ध्यान रखना जरुरी है। चीकू की उन्नत किस्में क्रिकेट बाल, कलि पत्ती, भूरी पत्ती, पी.के.एम.1, डीएसएच - 2 झुमकिया, आदि किस्में अति उपयुक्त है। क्रिकेट की बाल, कालीपट्टी, कलकत्ता राउंड, कीर्तिभारती, द्वारापुड़ी, पाला, पीकेएम -1, जोनावालासा ढ्ढ और ढ्ढढ्ढ, बैंगलोर, वावी वलसा आदि परन्तु उत्तरभारत में बारहमासी किस्म ज्यादा फेमस है।



### पौध प्रवर्धन

चीकू की पौध बीज तथा कलम , भेट कलम से तैयार की जाती है लेकिन व्यवसायिक खेती के लिए किसान को शीर्ष कलम, तथा भेंट कलम विधि द्वारा तैयार पौधों को ही बोना चाहिए। पौध तैयार करने की सबसे उपयुक्त समय मार्च - अप्रैल है।

### पौधों की रोपाई

पौधों की रोपाई वर्ष ऋतू में उपयुक्त रहती है। पौधों की रोपाई से पहले पौधों के लिए जड़ों को तैयार जरुर कर लेना चाहिए। इसके लिए गर्मी के दिनों में ही 7 - 8 मी. दुरी वर्गाकार विधि से 90 से.मी. गहरा आकार के गड्डे तैयार कर लेना चाहिए। गड्डों को भरते समय मिट्टी के साथ लगभग 30 किलोग्राम गोबर की अच्छी तरह सड़ी खाद, 2 किलोग्राम करंज की खली एवं 5 - 7 कि.ग्रा. हड्डी का चुरा प्रत्येक गद्दे में डालकर भर देना चाहिए। पौधों को बोने के बाद जड़ों में मिट्टी भरकर थाला बना लें।

### खाद एवं उर्वरक का उपयोग

पेड़ों में समय - समय पर खाद देते रहना चाहिए , जिससे पौधों का विकास 10 वर्षों तक होता रहे। पोधों के रोपाई के एक वर्ष बाद 4 - 5 टोकरी गोबर की खाद , 2 - 3 कि.ग्रा. अरण्डी / करंज की खली एवं 50:25:25 ग्रा. एन.पी.के. प्रति वर्ष डालते रहना चाहिए। यह मात्रा 10 वर्ष तक बढ़ाते रहना चाहिए तत्पश्चात 500:250:250 ग्रा. एन.पी.के. की मात्रा प्रत्येक वर्ष देना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए की खाद और उर्वरक का उपयोग केवल जून तथा जुलाई में ही करना चाहिए। खाद सीधे जड़ में नहीं डालें बल्कि इसके लिए पौधे से दूर एक नाली बना लें उस नाली से खाद का घोल बनाकर दें।

### सिंचाई

बरसात के मौसम में सिंचाई की जरुरत नहीं पड़ती है लेकिन गर्मी के मौसम में 7 दिन पर तथा सर्दी के मौसम में 15 दिन पर सिंचाई करने से पौधों में फल तथा फूल अच्छे लगते है।

### पौधों की देख रेख तथा काट छांट

चीकू के पौधों को विशेष रूप से सर्दी के मौसम में पाले से बचाना जरुरी रहता है। यह खास ध्यान पौधों की रोपाई के 3 वर्ष तक रखने की जरुरत है। इसके लिए छोटे पौधों को बचाने के लिए पुआल या घास के छप्पर से इस प्रकार ढक दिया जाता है कि वे तीन तरफ से ढके रहते हैं और दक्षिण - पूर्व दिशा धूप एवं प्रकाश के लिए खुली रहती है। पौधों की रोपाई के समय मूल वृत्त पर निकली हुई टहनियों को काटकर साफ कर देना चाहिए। पेड़ का क्षत्रक भूमि से 1 मी. ऊँचाई पर बनने देना चाहिए। जब पेड़ बड़ा हो जाता है , तब उसकी निचली शाखायें झुकती चली जाती है और अन्त में भूमि को चुने लगती है तथा पेड़ की ऊपर की शाखाओं से ढक जाती है। इस शाखाओं में फल लगने भी बंद हो जाते हैं। इस अवस्था में इन शाखाओं को छीलकर निकाल देना चाहिए।

### पुष्पन एवं फलन

शीर्ष कलम तथा भेंट कलम के द्वारा तैयार पौधों में 2 वर्षों के बाद फूल एवं फल आना आरम्भ हो जाता है। इसमें फल साल में 2 बार आते है। पहली फ़रवरी से जून तक और दूसरा सितम्बर से ऑक्टोबर तक। फूल लगने से लेकर फल पककर तैयार होने में लगभग चार महीने लग जाते हैं। चीकू के पौधों से फल को गिरने से रोकने के लिए फूल के समय जिबरेलिक अम्ल के 50 से 100 पी.पी.एम. अथवा फल लगने के तुरंत बाद प्लैनोफिक्स 4 मिली./ली. पानी के घोल का छिड़काव करने से फलन में वृद्धि एवं फल गिरने में कमी आती है।




### रोग एवं कीट नियंत्रण

चीकू की पौधों में एक विशेषता यह रहती है की इस पर रोग तथा कीटों का प्रकोप कम होता है। इसके बाबजूद भी पर्ण दाग रोग तथा कलि बेधक , तना बेधक, पत्ती लपेटक एवं मिलीबग आदि कीटों का प्रभाव देखा जाता है। इसके नियंत्रण के लिए मैंकोजेब 2 ग्रा./ लीटर तथा मोनोक्रोटोफास 1.5 मिली./ लीटर के घोल का छिड़काव करना चाहिए।

### उपज

चीकू में रोपाई के दो वर्ष फल मिलना प्रारम्भ हो जाता है। जैसे - जैसे पौधा पुराना होता जाता है। उपज में वृद्धि होती जाती है। एक 30 वर्ष पेड़ से 25,00 से 3,000 तक फल प्रति वर्ष हो जाते हैं।



# बनवारी लाल गढ़वाल ने ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान को 51 हजार रुपए का चैक किया भेंट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान समिति सीकर द्वारा संचालित छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लेने व अवलोकन करने पहुंचे प्रधानाचार्य बनवारी लाल गढ़वाल ने संस्थान द्वारा संचालित छात्रावास, विद्यालय एवं कॉलेज की व्यवस्थाओं को देखकर प्रभावित हुए तथा मैनजमेंट की सराहना करते हुए तत्काल प्रभाव से 51 हजार रुपए का चेक आर्थिक सहयोग के रूप में संस्थान कोषाध्यक्ष रामनिवास मील को सुपुर्द किया। संस्थान अध्यक्ष झाबरमल एवं कार्यकारीणी सदस्यों ने गढ़वाल का बालिका शिक्षा के लिए दी गई आर्थिक सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा साफा पहनाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर भागीरथ गढवाल सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने बताया की बनवारी लाल इससे पूर्व जाट बोर्डिंग हाउस में त्रिलोक रिसर्च सेंटर के भवन निर्माण के हेतु 51 हजार रूपए एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पलसाना में 21 हजार का प्रिंटर भेंट किया है।



गुमानाकाबस एवं लक्ष्मणा का बस के निवासियों ने भी गढ़वाल के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए आर्थिक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादाई कार्य बताया है। गढ़वाल के साथी व राजस्थान पुस्तकालय सेवा परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनोद पारीक ने गढ़वाल के प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई दी है।

# यूजीसी के काले कानून के खिलाफ महवा में सवर्ण समाज का हुंकार, दौसा महा आक्रोश रैली में उमड़ने का संकल्प

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** यूजीसी के कथित काले नियमों के विरोध में गुरुवार को महुवा उपखंड मुख्यालय स्थित बौहरा धर्मशाला में सवर्ण समाज की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें एक मार्च को दौसा के लालसोट रोड स्थित शेषनाथ महादेव मंदिर परिसर में प्रस्तावित महा आक्रोश रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संगठित विरोध दर्ज कराने का संकल्प लिया गया। बैठक में दौसा से पधारी युवाओं की टीम ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से संवाद कर रैली की रूपरेखा बताई और आंदोलन को जनसमर्थन देने का आह्वान किया। टीम में अनिल नीमला और नरेंद्र जोशी सहित कई




पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने कहा कि यूजीसी के नियमों से युवाओं के भविष्य, शैक्षणिक अवसरों और रोजगार की संभावनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है, इसलिए यह विरोध केवल संगठन का नहीं बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ी के हितों से जुड़ा सवाल है। बैठक के बाद सवर्ण समाज के कार्यकर्ताओं ने महवा नगर में जनसंपर्क कर लोगों से दौसा में होने वाली महा आक्रोश रैली में शामिल होने का आग्रह किया। समाज के गणमान्य नागरिकों ने भरोसा दिलाया कि महुवा से बड़ी संख्या में लोग दौसा पहुंचकर यूजीसी एक्ट के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में विजय शंकर बौहरा, मोहनलाल तिवारी, डॉ. विशंभर अवस्थी, हरिओम शर्मा हांडली, ताराचंद शर्मा, महेश आचार्य, जगदीश भारद्वाज, विष्णु पाराशर, राधामोहन हुडला, प्रवीण कुमार शर्मा, एडवोकेट विष्णु सिंह राजपूत, सतीश अग्रवाल, एडवोकेट ताराचंद अग्रवाल, मनमोहन तांबी, हरिमोहन खंडेलवाल, विनोद दीवली, गोपुत्र अवधेश अवस्थी सहित सवर्ण समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ढांचागत विकास कार्यों को मिल रही हैं गति- पूर्व विधायक दुड़ाराम

## पूर्व विधायक ने फतेहाबाद शहर की बाहरी कॉलोनियों में सीवरेज पाइपलाइन परियोजना का किया शुभारंभ

## 24 करोड़ की परियोजना से हजारों परिवारों को मिलेगा स्वच्छता व बेहतर स्वास्थ्य का लाभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वीरवार को शहर की बाहरी कॉलोनियों में सीवरेज पाइपलाइन परियोजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने नारियल फोड़कर इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की



शुरुआत की। इस परियोजना को क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह योजना हंस कॉलोनी, स्वामी नगर, आजाद नगर, कीर्ति कॉलोनी और हरनाम सिंह कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों परिवारों को स्वच्छता, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और आधुनिक शहरी व्यवस्था से जोड़ेगी। लंबे समय से सीवरेज व्यवस्था की मांग कर रहे नागरिकों को इस परियोजना से बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार राज्य के ढांचागत सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है।
कार्यक्रम में नगर पार्षद पंछी राम, रवि मेहता, जानी राम तथा नीलांशी शर्मा, एक्सईएन बलविंदर नैन, मुकेश जागलान, वाइस चेयरमैन नगर परिषद सविता टूटेजा, शहरी मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, शहरी मंडल उपाध्यक्ष विक्की मराठी, शहरी मंडल महामंत्री सुरेन्द्र बिश्नोई, तुषार सोनी, दीपक मिश्रा, दीक्षित असीजा, राज कुमार सुरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

# व्याख्याताओं ने काली पटी बांध दर्ज करवाया विरोध

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

हाल के दिनों में बीकानेर श्रीडूंगरपुर थाना क्षेत्र के गांव कुपलासर के राजकीय विधालय में कार्यरत व्याख्याता (कार्यवाहक प्रधानाचार्य) किशनाराम क़ायल का एक युवक ने विधालय में घुसकर कर लाठी से हाथ पैर तोड़ने का मामला सामने आया है। उक्त घटना के विरोध में डाइट में व्याख्याताओं एवं वरिष्ठ व्याख्याताओं ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज करवाया।

व्याख्याता प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया की बीकानेर जिले में कार्यरत व्याख्याता किशनाराम क़ायल के साथ घटित हुई मारपीट की इस प्रकार की घटना से पूरे जिले के शिक्षकों एवं व्याख्याताओं में भयंकर आक्रोश है। इस घटना के विरोध में जिले भर के व्याख्याताओं ने काली पट्टी बांध कर सांकेतिक विरोध दर्ज करवाया है। साथ ही सरकार से आह्वान किया है कि इस घटना के लिए दोषी अपराधी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए तुरंत सजा दिलाये और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए टीचर प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाए। व्याख्याता




अजय प्रेमी ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे कुंपालसर निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र सोहनराम स्कूल में जाति प्रमाण पत्र के फॉर्म पर साइन करवाने आया था, लेकिन फॉर्म अधूरा ही था। पूरी जानकारी भरने के लिए कहने पर आरोपी भड़क गया। इस पर गाली-गलौज करते हुए पहले चाय की भगोनी प्रिंसिपल के ऊपर फेंक दी, फिर प्रिंसिपल पर लाठी से हमला कर दिया।इससे कार्यवाहक प्रिंसिपल किशनाराम क़ायल के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं । उक्त घटना के बाद पूरे राजस्थान के विधालयों में स्थिति तनावपूर्ण रही। इस घटना के कारण पूरे जिले सहित राजस्थान के शिक्षकों में भयंकर आक्रोश है। शिक्षक संगठनों ने विरोध जताते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्कूल परिसर में इस तरह की घटना चिंता का विषय है। काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज करवाने वालो में डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया, सीमा सूरा, दामोदर जांगिड, प्रतिभा न्योला,राजबाला ढाका, श्रीराम, जयप्रकाश, मनोज, शशिकांत, गजेंद्र, प्रियंका, विधि, विनीता, अंजू सैनी, राकेश झाझड़िया, शिल्पा, संगीता उपस्थित रहें।

# राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 9 के प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार माली का सेवानिवृत्ति समारोह कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



शिक्षा के क्षेत्र में करीब तीन दशक तक समर्पण, निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक अपनी सेवाएं देने वाले समर्पित व आदर्श शिक्षक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 9 के प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार माली की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति 28 फरवरी 2026 को है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय परिसर में 28 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 2 बजे गरिमामय पूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया है। समारोह शिक्षा क्षेत्र की विभूतियों, विशिष्ट व प्रबुद्ध जनों के आतिथ्य व उपस्थित में आयोजित होगा।

# कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में करीब 350 बेरोजगार आशार्थियों ने लिया भाग

## 117 आशार्थियों का रोजगार के लिए प्रारम्भिक चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनूं द्वारा रोजगार कार्यालय परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। इस रोजगार शिविर में कुल 06 निजी क्षेत्र के संस्थानों ने भाग लिया। जिनमें मारुति सुजुकी मोटर्स झुंझुनूं, जी 4एस सिक्योर सॉल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , एल आई सी ऑफ इंडिया झुंझुनू, इनोवेशन लिमिटेड जयपुर, जेबीएम मोटर्स गुरुग्राम, आर्यन टाइल्स चिड़ावा ने प्रमुख संस्थानों ने बेरोजगार आशार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर उनका प्रारम्भिक चयन किया गया। कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में करीब 350 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया जिसमें से कुल 117 आशार्थियों का रोजगार के लिए प्रारम्भिक चयन किया गया। रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानन्द यादव ने बेरोजगार आशार्थियों को शिविर मे पधारी हुई कम्पनियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया और रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा संबंल योजना (बेरोजगारी भत्ता योजना) की जानकारी के साथ ही कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस शिविर में रोजगार कार्यालय के विकास कुमार (सहायक प्रोग्रामर), विकास सैनी, विक्रम सिंह व सुशीला भी उपस्थित रहे।

# मांकडो ग्राम पंचायत में 'जीरो प्लास्टिक वेस्ट' कैंपेन का सफल आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

गुरूवार को मांकडो ग्राम पंचायत में 'जीरो प्लास्टिक वेस्ट' अभियान बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कैंपेन में सिंहाना ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (एबीडीओ) अरविंद जी की उपस्थिति में गांधी फेलो श्रद्धा के निर्देशन में राजीविका पोषण सखी मंजू, माकरो सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 50 से अधिक छात्र-छात्राएं, 15 शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा गांव के 30 से ज्यादा सामुदायिक सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें प्लास्टिक कचरे के पर्यावरण, स्वास्थ्य और मिट्टी-जल पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को प्लास्टिक के विकल्प अपनाने तथा अपशिष्ट कम करने की व्यावहारिक सलाह भी साझा की गई।जागरूकता सत्र के बाद बच्चों और गांव की महिलाओं ने मिलकर गांव में एक जोरदार रैली निकाली। रैली में 'प्लास्टिक छोड़ो, पर्यावरण बचाओ', 'जीरो वेस्ट गांव हमारा' जैसे नारे गूंजते रहे। इस दौरान राजीविका की महिलाओं ने एक सराहनीय पहल की। रैली के समय एकत्रित पुराने कपड़ों से उन्होंने हाथ से सुंदर बैग तैयार किए और इन्हें गांव के दुकानदारों को उपहार के




रूप में भेंट किया। यह प्रयास न केवल प्लास्टिक मुक्ति का संदेश देता है, बल्कि अपशिष्ट से उपयोगी वस्तु बनाने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।कार्यक्रम का समापन चित्रकला प्रतियोगिता के साथ हुआ, जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त जीवन, स्वच्छ गांव और प्रकृति संरक्षण पर रचनात्मक चित्र बनाए। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए गए। यह अभियान स्थानीय स्तर पर पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने तथा सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। ग्रामीणों में अपनाई गई यह पहल माकरो को जल्द ही प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने की दिशा में मजबूत कदम है।

# भीम प्रज्ञा कविता

## भारत की धरती, मेरा गर्व



धन्य हूँ मैं भारत की मिट्टी में जन्मी,
यहाँ के मंदिर, देवी-देवता मेरे अपने।
कहीं और कहाँ यह सुगंध मिले,
यह मिट्टी की खुशबू, यह आँगन की छाया।

बहुत सारे देश घूमी,
पर भारत का आकर्षण हमेशा रहा।
यहाँ की तरह-तरह की व्यंजन
कहाँ,
दाल, रोटी, चावल, मिठाई सब अनोखे।

साड़ी की लहराती छवि,
चूड़ी की खनक, पायल की रुनझुन।
अपने लोग, अपनी बोली,
यहाँ का अपनापन कहीं और नहीं।

यहाँ की स्त्रियाँ व्रत रखती हैं,
सिखाती हैं पूजा, बाँटती हैं आस्था।
पति-पत्नी में निष्ठा और विश्वास,
बड़ों के लिए सम्मान, यही है संस्कार।

साधारण शब्द, पर गहरी भावना,
भारत की धरती, मेरा सबसे बड़ा गर्व।

**- क्षमा राव, मुंबई कवयित्री**

# अलसीसर के युवाओं ने मनाया बसंत उत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.अलसीसर।**

अंबेडकर भवन अलसीसर के सामने गोगामेड़ी परिसर में वृक्षारोपण कर बसंतोत्सव मनाया। कार्यक्रम संयोजक सुभाष कुमार ने वृक्षों का महत्व बताकर आमजन से अधिकाधिक वृक्षारोपण की अपील की। राजेश हरिपुरा ने वृक्षारोपण को सुरक्षित बीमा बता कर कहा कि 'मैं ताज तो नहीं कर बना सकता लेकिन एक पेड़ तो लगा ही सकता हूं।' आज पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। अभी से गर्मी की दस्तक किस स्तर पर जा चुकी है। इसका एकमात्र उपाय पर्यावरण संरक्षण है। प्रधानाचार्य मुरलीधर सैनी ने कहा की पेड़ों की कटाई रोकने के लिए आमजन को जागरूक होना चाहिए। प्रधानाचार्य मदनलाल मुंडोतिया ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित होने वाले प्रभावों पर सविस्तार बताया तथा कहा कि वृक्षारोपण के द्वारा जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है तथा सिंगलयूज प्लास्टिक




के दुष्प्रभाव व प्लास्टिक पर रोकथाम के बारे में बताया। इस अवसर पर राजकुमार गुडेसर, राधेश्याम सैनी, बालूराम, किशनलाल, विद्याधरसिंह, पंकज कुमार, कमलेश सरोवा, राकेश गोरा, संदीप शर्मा, मुकेश बरवड़, मोहर सिंह, विरेंद्र सेवदा, महेश कुमार दौलतपुरा, मुकेश महरिया दुलपुरा, पितराम तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# श्री श्याम अखण्ड ज्योत पाठ लक्ष्मणगढ़ में कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

स्टेशन रोड पर जांगिड़ भवन के सामने व्यवसायी गौरीशंकर महेंद्र कुमार जोशी (दिसनाऊ वाले) के निज निवास स्थान पर 28 फरवरी को प्रातः 1015 बजे से श्री श्याम अखण्ड ज्योत पाठ का आयोजन किया गया है। इस



अवसर पर रतनगढ़ के मधुसूदन बालकृष्ण एंड पार्टी की ओर से शानदार प्रस्तुति दी जाएगी । इस अवसर बाब श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाकर भव्य दरबार सजाया जायेगा तथा अखण्ड ज्योत जलाई जाकर छप्पन भोग की झांकी सजाकर फुलों की होली खेली जाएगी।

# कोसली अनाज मंडी में नया शेड बनाने का काम जल्द होगा शुरू- विधायक अनिल यादव

## एक करोड़ 91 लाख 76 हजार रुपए होंगे खर्च

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** कोसली अनाज मंडी में एक करोड़ 91 लाख 76 हजार रुपए की लागत से नए शेड का निर्माण करवाया जाएगा। इस कार्य का टेंडर अलॉट कर दिया गया है।विधायक अनिल यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोसली अनाज मंडी में नवनिर्माण कार्यों के लिए एक करोड़ 91 लाख 76 हजार रुपए की राशि मंजूर की गई है। इस राशि से नया कवर्ड शेड बनवाया जाएगा। इसके अलावा एक सुलभ शौचालय का निर्माण होगा और पुराने शेड की मरम्मत करवाई जाएगी।



विधायक ने बताया कि नए शेड के बनने से फसल की खरीद के समय स्टॉक रखने में सुविधा होगी और बरसात आने पर मंडी में किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कोसली अनाज मंडी में आढ़तियों और किसानों की सुविधा में विस्तार करते हुए नए शेड व सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसका कि टेंडर अलॉट कर दिया गया है। जल्दी ही यहां काम शुरू कर दिया जाएगा।

# नगर परिषद रेवाड़ी में भ्रष्टाचार की खुली पोल, नाले निर्माण से कूड़ा उठान तक सवालों के घेरे में अधिकारी

## डीएमसी ब्रह्मप्रकाश बोले - नाले के भ्रष्टाचार और कूड़ा उठान पर नहीं दूंगा जवाब

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** प्रदेश सरकार जहां एक ओर भ्रष्टाचार मुक्त शासन और जीरो टोलरेंस नीति के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत में रेवाड़ी नगर परिषद के अधिकारी इन दावों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। नाले के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल से लेकर कूड़ा करकट के अव्यवस्थित उठान तक, नगर परिषद की कार्यशैली गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। रेवाड़ी शहर के सर्कुलर रोड पर बन रहे नाले में अनियमितताओं को लेकर रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा स्वयं निरीक्षण कर सवाल उठाए जाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब लघु सचिवालय और डीएमसी कार्यालय से महज कुछ मीटर की दूरी पर बन रहे नाले में खुलेआम घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। यह स्थिति बताती है कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत किस हद तक




पहुंच चुकी है। अनाज मंडी और पुराने हाउसिंग बोर्ड की मुख्य सड़क पर बनाए जा रहे नाले में थर्ड क्लास ईंटों के इस्तेमाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह नाले में घटिया ईंटें लगाई जा रही हैं। जब एक राहगीर ने इस पर सवाल उठाया तो भ्रष्टाचार की परतें खुद-ब-खुद खुलती चली गईं। इतना ही नहीं, सच्चाई छुपाने के लिए आनन-फानन में नाले पर सीमेंट-मसाले की लिपाई कर दी गई, ताकि घटिया ईंटें नजर न आएं। जब ठेकेदार के कारिंदे से सवाल किया गया तो उसने इसे 'गलती से साइट पर आ गई ईंटें' बताकर पल्ला झाड़ लिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि ईंटें गलती से आई थीं, तो मॉनिटरिंग करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों ने इन्हें तुरंत रिजेक्ट क्यों नहीं किया? आखिर किसके संरक्षण में यह सब चलता रहा?



### विधायक सक्रिय-अधिकारी निष्क्रिय

अपने सफाई अभियान को लेकर रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव लगातार सक्रिय हैं। वह प्रत्येक रविवार की सुबह आई लव रेवाड़ी की टीम के साथ शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई करते हुए नजर आते हैं लेकिन नगर परिषद के अधिकारी उनके अभियान को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

मामले की पड़ताल के दौरान संबंधित एजेंसी के ठेकेदार द्वारा 'कुछ ले-देकर' मामले को दबाने की कोशिश ने इस पूरे प्रकरण को और भी गंभीर बना दिया है।

### कूड़ा उठान में भी घोर लापरवाही

नगर परिषद की लापरवाही सिर्फ नाले निर्माण तक सीमित नहीं है। खुली ट्रॉलियों में बिना ढके कचरा भरकर शहर की सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है, जिससे न केवल गंदगी फैल रही है बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। जब इस पूरे मामले पर पत्रकारों द्वारा डीएमसी ब्रह्मप्रकाश से सवाल किए गए तो उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया कि नाले के निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार और कूड़ा करकट के उठान के सवाल पर मैं जवाब नहीं दूंगा। पत्रकारों द्वारा दोबारा विनम्र आग्रह करने पर डीएमसी ने जवाब देने से बचते हुए कहा कि डीआईपीआरओ बाइट ले जाएगा, लेकिन यह भी स्पष्ट नहीं किया कि बाइट कब तक मिलेगी। लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि डीएमसी द्वारा संबंधित ठेकेदार और एजेंसी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। डीएमसी का तथ्यात्मक जवाब देने से बचना उन्हें कई गंभीर सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है? सबसे अहम प्रश्न यही है कि जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे ठेकेदार किसकी शह पर घटिया सामग्री का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहा है? अब देखना यह है कि प्रदेश सरकार की जीरो टोलरेंस नीति सिर्फ कागजों तक सीमित रहती है या फिर इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर ठोस कार्रवाई होती है।

# पचेरी कलां थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित, होली पर्व को लेकर हुई अहम चर्चा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**



पचेरी कलां थाने में गुरुवार को सीएलजी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक थानाधिकारी बनवारी लाल यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में आगामी होली व धुलण्डी पर्व को लेकर बाजार व ग्रामीण क्षेत्रों में शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर चर्चा की गई। थानाधिकारी बनवारी लाल यादव ने युवाओं द्वारा त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में बाजार के दुकानदारों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बाजार में बढ़ते अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। दुकानदारों ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए चौकीदार नियुक्त करने एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग रखी। इस पर सभी दुकानदारों ने पुलिस के सहयोग से बाजार के मुख्य स्थानों सहित अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा रात्रि के समय चौकीदार रखने पर सहमति जताई। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी तथा बाजार में तेज रफ्तार से बाइक व अन्य वाहन चलाकर माहौल बिगाड़ने वाले युवाओं के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मेडिकल स्टोर्स पर नशीली दवाओं की अधिक मात्रा में बिक्री को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि बाहरी क्षेत्रों विशेषकर हरियाणा के युवाओं द्वारा नशीली दवाओं की खरीद के कारण बाजार का माहौल खराब हो रहा है। इस पर पुलिस ने मेडिकल संचालकों को चेतावनी देते हुए नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। पुलिस, सीएलजी सदस्यों, व्यापारी एवं जनप्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक संवाद से पचेरी बाजार में सुरक्षा व्यवस्था के नए आयाम स्थापित होने की उम्मीद जताई गई। इस अवसर पर सुरेश खांदवा, राजकुमार यादव, दिलीप सिंह, हवा सिंह, मुंशी राम, प्रदीप शर्मा, देवेंद्र सिंह, पंकज कुमार लाटा, सुरेश कुमार बोहरा, जय सिंह, विजय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# स्काउट गाइड का खाटूश्यामजी मेला सेवा शिविर जारी

## जिला प्रशासन ने स्काउट गाइड के सराहनीय कार्यों पर जताया संतोष

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**



**पवन कुमार शर्मा ।** खाटूश्यामजी श्री श्याम फाल्गुनी लक्खी मेले में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मेला सेवा ऐतिहासिक शिविर पूरे राज्य ही नहीं पूरे राष्ट्र में अपनी पहचान तथा जनसाधारण पर सेवा की अमिट छाप छोड़ने वाला जारी है। शिविर संचालक सीओ स्काउट बसंत कुमार लाटा ने बताया की विभिन्न स्थानीय संघों से आए आंदोलन के कर्मठ ऊर्जावान स्काउटर गाइडर स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा दिन रात चार पारियों में निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, स्काउट गाइड सदस्यों द्वारा उद्घोषणा करवाना एवं पर्ची बनाना, खोया पाया जिसमें मोबाइल आवश्यक, दस्तावेज, नकद राशि सहित अनेकों प्रकार की वस्तुएं जमा करवा कर संबंधित के पास पहुंचाना, श्याम कुंड में भोजन एवं नाश्ते के पैकेट पैक करना, गुमशुदा लोगों को परिजनों से मिलाना, बैरिकेटिंग में श्रद्धालुओं को पानी के पाउच वितरण करना, प्राथमिक चिकित्सा में सहयोग एवं श्रद्धालुओं को अस्पताल तक पहुंचाना, स्वच्छता कार्य, दिव्यांग वृद्ध जनों को व्हील चेयर से दर्शन में सहयोग सहित विभिन्न प्रकार की सेवाओं को स्काउट गाइड सदस्यों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। सेवा से अभिभूत प्रत्येक दर्शनार्थी द्वारा स्काउट सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखकर ? अपने-अपने तरीके से धन्यवाद ज्ञापित करने का उत्सुक देखा गया, इतना ही नहीं बल्कि जिला प्रशासन एवं मेला मजिस्ट्रेट मोनिका सामोर एवं मंदिर कमेटी के पदाधिकारी ने भी स्काउट गाइड के कार्यों की भूरी भूरी प्रसन्नता व्यक्त की, एकादशी पर स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा रथ यात्रा में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर रामलाल चौधरी, गिरधारी लाल डावर, सचिव पवन कुमार शर्मा, प्रभुदयाल कुमावत, एडवोकेट जनार्दन शर्मा,? सुवालाल कुमावत विष्णु शर्मा, पप्पू राम मीणा, राजवीर सिंह यादव, सांवरमल छब्बरवाल, सीताराम गुप्ता, देवीलाल जाट, मोहनलाल सुखाड़िया, दिलीप कुमार तिवाडी, रामनिवास डाबला, रामपाल सिंह, धनराज सैनी, राघव शर्मा, इरशाद , लखन बावरिया, निक्की जांगिड़, रामप्रसाद भास्कर, पितांबर लोरा, सचिन शर्मा, सहित स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर स्काउटर, गाइडर, रोवर लीडर व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# गढ़ी रेलवे फाटक पर ट्रेलर का कहर: बाइक सवार महिला की कुचलकर मौत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** अलवर-करौली राजमार्ग पर गढ़ी रेलवे फाटक के समीप गुरुवार दोपहर एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया, जिसने फाटक क्षेत्र में यातायात प्रबंधन और भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। पहड़ावती निवासी रेशम देवी मीणा (उम्र करीब 55 वर्ष) अपने पति प्रभुदयाल मीणा के साथ मंडावर से खरीदारी कर दोपहर लगभग तीन बजे बाइक से गांव लौट रही थीं। जैसे ही वे गढ़ी रेलवे फाटक के पास पहुंचे, मंडावर की ओर से अपने गाँव पहडावती जा रहे थे। इस दौरान ट्रेलर आरजे-47 जीए-3926 के चालक ने पीछे से लापरवाहीपूर्वक बाइक को टक्कर मार दी जिससे रेशम देवी उछलकर ट्रेलर के पहिये के नीचे आ गईं और सिर कुचलने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि प्रभुदयाल मीणा किसी तरह बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। रूटीन गश्त पर तैनात कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह और मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेलर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना मिलते ही मंडावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, ट्रेलर को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया तथा शव को 108 एम्बुलेंस से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावर की मोर्चरी भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मामले को लेकर परिजनों की ओर से मंडावर थाने में रिपोर्ट दे दी गई है।

## 6 माह से मनरेगा भुगतान बकाया: कांग्रेस ने प्रशासन को घेरा, उग्र आंदोलन की चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यरत मजदूरों को पिछले छह महीनों से मानदेय नहीं मिलने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल



अतिरिक्त जिला कलेक्टर से मिला। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला मजदूर शामिल हुईं, जिन्होंने लंबित मजदूरी को लेकर प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि सितंबर 2025 से अब तक मनरेगा मजदूरों के खातों में भुगतान नहीं पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेहनतकश मजदूरों द्वारा लगातार कार्य करने के बावजूद उन्हें समय पर पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी जिम्मेदार विभाग इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। मेघवाल ने बताया कि इससे पूर्व नगर निगम आयुक्त को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मजदूरों के खातों में लंबित भुगतान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हित में व्यापक और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में समाजसेवी मिलन गहलोत, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष हसन अली गोरी, जगदीश कुम्हार, कांग्रेस नेत्री संतोष परिहार, शौकत अली गोरी, फिरोज खान सहित सैकड़ों महिला श्रमिक मौजूद रहीं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सलमा बानो, परमेश्वरी देवी, मन्ना देवी, शारदा देवी, लीला, गौरी देवी, विमला देवी, सुनो देवी एवं कमला देवी सहित अन्य महिला मजदूर शामिल थीं।

## डीसी की अपील- केमिकल रहित रंगों से खेले होली

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं द्वारा निर्मित आर्गेनिक गुलाल को डीसी अभिषेक मीणा ने किया लॉन्च

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा होली पर्व को केमिकल रहित रंग से खेलने के लिए आर्गेनिक गुलाल बनाया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने गुरुवार को लघु सचिवालय में स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए आर्गेनिक गुलाल को लॉन्च किया। डीसी अभिषेक मीणा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में अपनी अलग पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि रंगों के पर्व होली को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अनोखी पहल की है। यह पहल न केवल प्राकृतिक रंगों को बढ़ावा देगी, बल्कि महिलाओं के लिए आय का सशक्त माध्यम भी बन रही है।डीसी अभिषेक मीणा ने आमजन से आह्वान किया कि वे केमिकल रहित रंगों से ही होली खेले, जिससे किसी को त्वचा संबंधी रोग न हो। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक रंग स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह द्वारा ऑर्गेनिक गुलाल बनाने के लिए सराहना की।

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के डीपीएम आफताब अहमद ने बताया कि सीईओ जिला परिषद एवं एडीसी राहुल मोदी के मार्गदर्शन में चलाएं जा रहे स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाएं गए आर्गेनिक गुलाल पूर्णत कैमिकल मुक्त पदार्थो से तैयार किए गए है। उन्होंने बताया कि इस आर्गेनिक रंग में किसी भी प्रकार के रासायनिक तत्व का उपयोग नहीं किया जा रहा है और यह त्वचा और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित भी है। उन्होंने बताया कि यह आर्गेनिक गुलाल बीडीपीओ कार्यालय रेवाड़ी, बीडीपीओ कार्यालय बावल व राजीव चौक पर स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन पर उपलब्ध है। इस अवसर पर बीपीएम लोकेश, सुमित, बीसीसी सविता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, राजबाला, हेमलता, सरिता, चांदनी, किरण व अन्नु आदि मौजूद रहे।

# पनलावा में हिंदू सम्मेलन की तैयारी बैठक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी स्थापना समारोह पर आयोजित हिन्दू सम्मेलन को लेकर पनलावा गाँव में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी श्रद्धानाथ जी महाराज की जन्मस्थली पर आयोजित की गई । विश्वनाथ जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी ग्रामवासियों ने बढ़चढकर भाग लेने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की बात रखी । इस अवसर पर सम्मेलन में संतो को बुलाने, ठाकुर जी मंदिर से बालाजी की बगीची तक कलश यात्रा निकालने तथा पनलावा, बीदासर, बिड़ोदी बड़ी, बिड़ोदी छोटी, झाड़ेवा, जोगियों का बास तथा खींवासर गाँवो को मिलाकर कार्यक्रम रखा जाने तथा अन्य कार्यक्रम चंग-धमाल , भजनो की प्रस्तुति कार्यक्रम में शामिल किए जाने एवं कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विश्वनाथ जांगिड़, रामनिवास शर्मा, शंभूदयाल शर्मा, गणेश सिंह शेखावत, रणजीत सिंह, मानसिंह, भगवाना राम नायक, सत्यनारायण भाटी, किशोर सिंह करणावत, नाथूसिंह निर्वाण, कृष्णकुमार बैरवाल, मिथलेश मील, जगदीश बैरवाल, भगवती प्रसाद जालान, सुखबीर बिजारणियाँ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# परीक्षाओं को नकल रहित व शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग- डीसी

## डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की आयोजित की जा रही 10वीं, 12वीं व डीएड की वार्षिक परीक्षाओं को नकल रहित व शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए सभी दिशा निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जा रही है। जिला में आयोजित हो रही बोर्ड परीक्षाएं केलिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है। डीसी अभिषेक मीणा ने एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के साथ गुरुवार को जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जा रही परीक्षा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप न हो। निरीक्षण के दौरान मौजूद केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा केंद्रों को नकल रहित बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें तथा परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग सुनिश्चित करें। उनके पास किसी भी प्रकार की नकल सामग्री नहीं होनी चाहिए। बाहर से नकल के लिए मिलने वाली मदद की सभी संभावनाओं से संबंधित पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दें। परीक्षा केंद्र में सुरक्षा के सभी इंतजाम पूरे हों तथा निगरानी कर रहे अध्यापक नकल विहीन परीक्षा आयोजित करवाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ड्यूटी पर तैनात स्टाफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नकल रहित परीक्षा सम्पन्न करवाने के लिए जिला में गठित की गई उड़नदस्ता की टीमें भी सतर्क रही।

# सीजेएम अमित वर्मा ने वृद्धाश्रम व आस्था कुंज का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी अमित वर्मा द्वारा गुरुवार को वृद्ध आश्रम व आस्था कुंज बाल गृह रेवाड़ी का निरीक्षण किया। वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान सीजेएम अमित वर्मा ने वृद्ध जनों की जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्ध जनों को मिलने वाले भोजन व अन्य जरूरी सुविधाओं की जांच की तथा उनको और बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए भी कहा। इस दौरान उन्होंने वृद्ध महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया तथा साफ सफाई पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि वृद्ध व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से तो कमजोर होता ही है तथा उसकी सबसे बड़ी पीड़ा उसका अकेलापन होता है। इसलिए वृद्धजनों को समाज से अलग थलग न करें बल्कि उनको समाज का हिस्सा माने तथा उनको अहसास दिलाए की हम सब उनके साथ है वो अकेले नहीं हैं। उन्होंने सभी उपस्थित स्टाफ सदस्यों को उचित दिशा निर्देश दिए ताकि वे बुजुर्गों का अच्छे से ख्याल रखें। इससे वृद्धजनों का अकेलापन भी दूर होगा तथा उनमें एक नई चेतना का संचार होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग रहने को मजबूर हैं तो उनकी वहां पर संभाल के लिए भी हम सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि बहुत सारी योजनाएं है जो वरिष्ठ नागरिकों को फायदा पहुंचाने के लिए चलाई जा रही हैं तथा वे किसी भी कानूनी सहायता के लिए एडीआर केंद्र रेवाड़ी आ सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने बूढ़े मां-बाप का सम्मान और आदर करें, उनकी सेवा करें तथा उनकी कानूनी या अन्य सहायता लेने में मदद करे । ताकि वो उनको मिलने वाली मदद से वंचित न रहे। सीजेएम अमित वर्मा ने आस्था कुंज बाल गृह का निरीक्षण कर वहां उपस्थित बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बातचीत में बच्चों के खान-पान तथा पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। अमित वर्मा ने आस्था कुंज के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बच्चों से संबंधित उचित दिशा निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाए ताकि कानून की सहायता का लाभ उठा सके।

सचिव अमित वर्मा ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क कानूनी सेवाओं की पेशकश करना व साथ में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करता है। उन्होंने बताया कि लीगल एड द्वारा सीनियर सिटीजन, महिलाएं, बच्चो, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों व तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी व्यक्तियों को निशुल्क में कानूनी सहायता दी जाती है और कोई भी जन कानूनी सहायता के लिए उप मंडल विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। साथ ही नालसा हेल्पलाइन 15100 नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# 27वां विशाल जागरण एवं भंडारा 27 फरवरी से, विभिन्न कलाकार देंगे प्रस्तुति

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

श्री श्याम मित्र मंडल, पोलू की ढाणी (नानुवाली बावडी) के तत्वावधान में 27वां विशाल श्याम जागरण एवं भंडारे का आयोजन 27 व 28 फरवरी 2026 को श्रद्धा व उत्साह के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंडल के सदस्यों ने बताया कि 27 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 10:15 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन रात्रि 9:15 बजे भव्य श्याम जागरण का आयोजन होगा, जिसमें आमंत्रित भजन गायक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के तहत 27 फरवरी को रात्रि 10:15 बजे भव्य श्रृंगार होगा, जबकि 28 फरवरी 2026, शनिवार को प्रातः 10:15 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रभर के श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजक श्री श्याम मित्र मंडल ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में भाग लेकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## फागोत्सव: पर्यटन नगरी मंडावा में फागोत्सव की धूम

# फाल्गुन माह में होली के रसिया कार्यक्रम के तहत जमकर धमाल मचा रहें युवा वर्ग के लोग

## चंग की थाप बांसुरी की मधुर धुन पर जमकर थिरके लोग विदेशी पर्यटको ने भी लिया हिस्सा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** होली का पर्व नजदीक है ऐसे में पूर्व के दिनों में जहां चंग की थाप बांसुरी की मधुर धुन ओर फाल्गुनी गीतों के साथ धमाल मंडावा पर्यटन नगरी में चारों ओर सुनाई दे रही है। पर्यटन नगरी मंडावा में आनंदपुरा ढप मण्डली के कलाकारों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों के तहत रंग रसिया कार्यक्रम में एक से बढ़ कर एक धमाल ओर फाल्गुनी गीतों की प्रस्तुतियां देकर लोगों को थिरकने को विवश कर दिया। 40 दिवसीय फागोत्सव का आयोजन सर्व हितैषी व्यायाम शाला द्वारा पिछले करीब 125 से अधिक समय से किया जा रहा है। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में आज गुरुवार को सुभाष चौक स्थित कमला अतिथि गृह में सर्व हितैषी व्यायाम शाला द्वारा आज रंग रसिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रारंभ में सर्व हितैषी व्यायाम शाला के पीताम्बर मिश्रा,बालकिशन भाटीवाडा सुरेश पालड़ी वाला चंदू सेन भोलासिंह यदुवंशी सहित नगर के प्रमुख रहें पूर्व पालिकाध्यक्ष सजन मिश्रा, पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ने चंग पर थाप लगाकर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। रंग रसिया कार्यक्रम में आनंदपुरा अखाड़ा चंग मंडलियों के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। इस संबंध में पीताम्बर मिश्रा बालकिशन भाटीवाडा ने बताया ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन अपनी संस्कृति से निरंतर जुड़ाव ओर एक दूसरे के बीच आपस में प्रेम स्नेह बना रहे को लेकर किया जाता है। इस दौरान स्थानीय लोगों सहित विदेशी पर्यटको ने भी फाल्गुनी गीतों पर जमकर ठुमके लगाकर अपनी भागीदारी भी निभाई।

# एडीसी राहुल मोदी ने बैंक पदाधिकारियों के साथ की जिला स्तरीय समीक्षा व परामर्श समिति की बैठक

## पात्र आवेदकों को अविलंब उपलब्ध कराएं ऋण -एडीसी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही ऋण योजनाओं के तहत आवेदकों को अविलंब आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर सामाजिक उत्थान में अपना योगदान दें। विभिन्न विभागों से संबंधित जो भी ऋण आवेदन लंबित हैं, उन्हें जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान कर पात्र को लाभ देना सुनिश्चित करें।एडीसी राहुल मोदी गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में बैंक पदाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षा व परामर्श समिति (डीएलसीसी व डीसीसी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने आर्थिक विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई है जिनके तहत जरूरतमंद लोग बैंक से लोन लेकर अपना काम-धंधा शुरू कर सकते हैं। लेकिन यह देखने में आया है कि इन जरूरतमंद नागरिकों को बैंकों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसके बावजूद उनकी फाइल को मंजूरी नहीं मिलती। बैंक अधिकारी अपना रूख बदलें और अधिक से अधिक आर्थिक सहायता समाज के कमजोर लोगों को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत आवेदन करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को लोन सुगमता से उपलब्ध करवाएं। एडीसी ने बैंकों में जमा राशि, लोन दी हुई अग्रिम राशि, सीडी अनुपात और संवितरण स्थिति में बैंकों के प्रदर्शन तथा किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदकों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराएं। एडीसी ने बैठक में आवेदनों के समय पर निपटारे के महत्व और विभागों और बैंक के प्रमुखों को समन्वय में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में विभिन्न बैंक द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली और वार्षिक ऋण योजना के तहत किए गए कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बैंक द्वारा पीएमजेडीवाई व पीएमएसबीवाई खातों, पीएम विश्वकर्मा योजना, कृषि संबंधी योजनाएं आदि की रिपोर्ट ली। उन्होंने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान के तहत दिए गए ऋण व लंबित केसों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किए गए कार्यो की समीक्षा की। एडीसी ने सभी बैंक प्रबंधकों को वित्त वर्ष 2025-26 के लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के आदेश दिए। एलडीएम राजीव रंजन ने एडीसी राहुल मोदी को आश्वासन देते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की गंभीरता से पालना सुनिश्चित की जाएगी।

# युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम का आयोजन




**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** माई भारत युवा केंद्र झुंझुनूं के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी मधु यादव के नेतृत्व में मंडावा ब्लॉक से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेंद्र सिंह भाटी द्वारा युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मंडावा ब्लॉक के गांवों में युवा मंडल का बनाकर पूर्व में गठित मंडलों को सक्रिय करने की प्रक्रिया की गई।मंडावा ब्लॉक से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि इस दौरान माई भारत युवा केंद्र द्वारा जारी योजनाओं के बारे में भी लोगो की विस्तारपुर जानकारी दी गई।

# कोटकासिम में सनसनीखेज अपहरण का भंडाफोड़: 10 घंटे में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर अपहृत को मुक्त कराया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** कोटकासिम थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज अपहरण की घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 10 घंटे में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अपहृत व्यक्ति को बदमाशों के चंगुल से सकुशल मुक्त कराया। अपहरण में इस्तेमाल की गई बैलेनो कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दो आरोपी हरियाणा पुलिस से जुड़े हैं, जबकि दो हरियाणा होमगार्ड के कर्मचारी हैं। कोटकासिम थानाधिकारी जसवंत सिंह ने बताया कि 23 फरवरी को शाम करीब 4 बजे पाटन अहीर गांव के निवासी सोनू पुत्र सत्यवीर सिंह बावड़िया को घोड़ी-बग्गी की बुकिंग के बहाने एक प्लॉट पर बुलाया गया। सोनू अपने साथी रामोतार के साथ मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा, जहां स्लेटी रंग की एक कार में अज्ञात लोग उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर ले गए। कुछ देर बाद अपहरणकर्ताओं ने सोनू के फोन से उसके परिवार को कॉल कर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। परिवार की शिकायत पर कोटकासिम थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के



निर्देशन में थानाधिकारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और पारंपरिक पुलिसिंग की मदद से टीम ने आरोपियों को ट्रैक किया और रातों-रात गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अनिल (33) पुत्र शिवलाल, निवासी भंडोली, पलवल, हरियाणा (इसके हरियाणा पुलिस का सदस्य होने का दावा है), प्रदीप (30) पुत्र देवीराम, निवासी कुलैना, थाना चांदहट, जिला पलवल, हरियाणा - वर्तमान सरपच पति और हरियाणा पुलिस से जुड़े धम्वीर (30) पुत्र घनश्याम, निवासी मकसूदपुर, चांदहट, पलवल, हरियाणा, प्रदीप (29) पुत्र श्योराज, निवासी अमरपुर, चांदहट पलवल, हरियाणा, और नरेंद्र (31) पुत्र अंतराम शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी अनिल खुद को हरियाणा पुलिस के सीआईए टीम का प्रभारी बताता था। गिरफ्तारी के बाद अपहृत सोनू को सुरक्षित बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई जिले के अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति का हिस्सा है। मामले की आगे जांच जारी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी जसवंत सिंह ने बताया कि पीड़ित सोनू को पत्नी यूपी में अपने भाई के साथ रहती है और वह यूपी में ही चेन स्नैचिंग जैसी चोरी की वारदातों में शामिल रही है। हरियाणा पुलिस से जुड़े इन व्यक्तियों को उसकी जानकारी थी और सोनू से मोटी रकम वसूलने के लिए उसका अपहरण करने की योजना बनाई। पैसे के लालच में आकर पांचों ही सोनू कपन करने के लिए उसके गांव पहुंचे थे। सभी ने सोनू को घोड़ी बग्गी किराए पर करने का बहाना बनाकर गांव से बाहर बुलाया। चार लोग सरसों के खेत में आ गए और एक गाड़ी के पास खड़ा था। जैसे ही सोनू गाड़ी के पास आया, चारों व्यक्ति भी सरसों के खेत से निकल आए और उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर अपने कर ले गए। पहले तो यह सोनू को कोटकासिम के आसपास से गाड़ी से घूमते रहे, लेकिन बाद में उसे यह नोएडा और गाजियाबाद ले गए। 24 फरवरी को सुबह 9:00 बजे उन्होंने सोनू के फोन से ही उनके परिजनों से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने के लिए फोन किया तो उसे समय बदमाशों के लोकेशन पलवल में आई पुलिस तुरंत बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पलवल के लिए रवाना हुई और आरोपियों की फोन लोकेशन के आधार पर उन्हें वहां से दबोच लिया। यह घटना क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करती है, खासकर जब आरोपी खुद सुरक्षा बलों से जुड़े हों। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना दें।

# नवीनीकृत कचहरी उप डाकघर का केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया लोकार्पण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को कचहरी परिसर स्थित नवीनीकृत कचहरी उप डाकघर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मंत्री मेघवाल ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत लाभान्वित करीब एक दर्जन बालिकाओं को डाक खातों से संबंधित दस्तावेज भी वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेघवाल ने कहा कि कचहरी उप डाकघर के नवीनीकरण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसके उन्नयन से अब आमजन को डाकघर की विभिन्न सेवाएं कचहरी परिसर में ही सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।उन्होंने कहा कि बदलते दौर में भले ही डाक सेवाओं की उपयोगिता को लेकर प्रश्न उठे हों, लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पोस्ट ऑफिस, दूरदर्शन और आकाशवाणी जैसी संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि डाकघरों को बंद करने के बजाय उन्हें और मजबूत बनाया जा रहा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्ट ऑफिस अब बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं।



## जिले के मुख्य डाकघर में बनेगी फिलेटली वॉल

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने इस अवसर पर मुख्य डाकघर में फिलेटली वॉल बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि इस वॉल पर जिले की कला, साहित्य एवं विभिन्न क्षेत्रों की महान हस्तियों तथा ऐतिहासिक स्थलों पर अब तक जारी किए गए डाक टिकटों को ब्रोशर सहित प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सूडसर उप डाकघर को बंद नहीं किया जाएगा और वहां डाक सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। इससे पूर्व निदेशक डाक सेवाएं, राजस्थान पश्चिमी क्षेत्र जोधपुर कर्नल सतीश सोलंकी ने बताया कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत स्वीकृत 15 लाख रुपये की राशि से डाकघर भवन का उन्नयन, आधुनिक काउंटर व्यवस्था, व्यवस्थित प्रतीक्षालय, उन्नत विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक संसाधनों का विकास किया गया है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य ने कहा कि कचहरी उप डाकघर पूर्व में जर्जर अवस्था में था। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री को अवगत कराने पर उन्होंने तत्काल सांसद निधि से 15 लाख रुपये स्वीकृत किए, जिससे यह नवीनीकरण संभव हो पाया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारी संजय पुरोहित ने किया। समारोह में बीकानेर डाक विभाग अधीक्षक अजय कुमार चुघ, बार संघ अध्यक्ष अजय कुमार सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फाल्गुन मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब: दौलतसिंहपुरा से जैतपुर धाम तक 321 श्रद्धालुओं की पदयात्रा रवाना



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** बाबा खेतानाथ श्री श्याम मित्र मंडल दौलतसिंहपुरा के तत्वावधान में गुरुवार को श्री श्याम मंदिर दौलतसिंहपुरा से प्राचीन श्री श्याम मंदिर जैतपुर धाम के लिए 321 श्रद्धालुओं की पदयात्रा रवाना हुई। मंदिर पुजारी पप्पू शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु उत्साह और भक्ति भाव के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। फाल्गुन मेले के अवसर पर जैतपुर धाम में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। देशभर से श्याम भक्त बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। मुख्य मेला शुक्रवार को आयोजित होगा, जिसमें पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के दर्शन करने का अनुमान है। मेला व्यवस्थाओं को लेकर अध्यक्ष प्रधान ताराचंद यादव एवं श्री श्याम सेवा समिति जैतपुर धाम द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। समिति के नेतृत्व में दर्शन लाइन, पेयजल, चिकित्सा शिविर, साफ-सफाई, रोशनी और पार्किंग की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। ग्रामवासी भी सेवा भावना से सहयोग कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नीमराना एडिशनल एसपी सुरेश खींची, मेला सह प्रभारी तहसीलदार अर्जुन लाल एवं थानाधिकारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात है। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विशेष प्लान तैयार किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर समाजसेवी रविंद्र यादव, लाइनमैन हवासिंह यादव, शेर सिंह यादव, अशोक, जीतू यादव उमरावगढ़, श्री श्याम मेडिकल के चेयरमैन मनोज यादव, सत्यवीर (अध्यापक), सत्यनारायण यादव, सत्येंद्र यादव, संजय मिस्त्री, विक्रम यादव, महेंद्र यादव, बाबा श्री श्याम भक्त अजीत यादव, फूल सिंह, मुकेश, सूरत सिंह, बनवारी, अनिल सहित अनेक श्याम भक्त मौजूद रहें।

# टांकरड़ा से खाटूधाम के लिए 30वीं पदयात्रा रवाना



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** श्री श्याम मित्र मंडल टांकरड़ा के तत्वावधान में टांकरडा से श्री खाटूधाम के लिए 30 वीं पदयात्रा श्री रघुनाथ जी महाराज के मंदिर से निशान पूजन होकर भव्य लवाजमे के साथ रवाना हुई। पदयात्री श्याम बाबा की झांकी के साथ नाचते गाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा में महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छोटी देवी मीणा, कृष्ण कुमार मीणा, सुरेन्द्र जैन, विनोद मीणा, संजय मीणा, कमलेश कुमार मीणा, कैलाशचंद जैन, मुकेश सोढ़, कमल परसोया, मदन चौरिया लालचंद सोढ़, विरेन्द्र हरसोलिया, राकेश सोढ़, मोहन सोढ़, ओमप्रकाश सोढ़, प्रेमसिंह नाथावत, अजय प्रजापत सहित सैकड़ों भक्तगण रवाना हुए।

# जाहोता में महिलाओं का सम्मान समारोह को लेकर बैठक सम्पन्न

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया।** जाहोता ग्राम पंचायत में बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के तत्वावधान में आगामी 8 मार्च को महिला दिवस पर बलाई सभा-भवन मोरीजा रोड़ चौमूं में आयोजित होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह को लेकर समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक में समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा-परिचर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष एड. बद्रीनारायण परिहार एवं समारोह के मुख्य संयोजक लालाराम मेहरड़ा ने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं एवं समारोह में शामिल होने वाली सभी महिलाओं को सम्मान किया जाएगा। साथ ही समारोह में अधिक से अधिक महिलाओं को पहुंचने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य व समारोह के सहसंयोजक सुनीता वर्मा, सहसंयोजक व उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया, सहसंयोजक व उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनिवाल, सहसंयोजक व सदस्य घीसालाल बबेरवाल, गोवर्धन लाल बिदावत, रामगोपाल डोई, शंकरलाल खंडेलवाल, बनवारी लाल लुनिवाल, मुकेश खंडेलवाल, महेश लुनिवाल, दीक्षांत लुनिवाल, हरिनारायण, कौशल्या देवी, सरजू देवी, आशा वर्मा, कमला देवी, मीरा देवी, कंचन लता, सोनम वर्मा, ग्यारसी देवी, कृष्णा, राजू देवी, पूजा देवी, मंजू देवी, संतोष देवी, पूजा देवी, शांति, लक्ष्मा देवी, गुलाब देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, मोहिनी देवी, माया देवी आदि मौजूद रहे।



# प्रदूषित वातावरण को लेकर अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नगर पालिका क्षेत्र में सेफ्टी टैंकों का मनचाही जगह खुले और आबादी क्षेत्र में खाली करने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस प्रकार की लापरवाही से न केवल आसपास का वातावरण प्रदूषित होता है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नीमराना के नेतृत्व में नगर पालिका निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में सख्त निगरानी रखी जाए, नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि स्वच्छता और जन-स्वास्थ्य की रक्षा हो सके। इस अवसर पर नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, महावीर चर्खिया सचिव, अतर सिंह महासचिव, संजय कुमार प्रवक्ता, प्रशांत कुमार शर्मा, नेतराम सैनी, रामनिवास सैनी, एडवोकेट रविंद्र कुमार सामरिया, संदीप उमरावगढ़, रामजस झगड़ोलिया, मनजीत बसवाला आदि लोग उपस्थित रहे।

# चिड़ावा के श्याम प्रेमी बाबूलाल वर्मा ने पूरी की 50वीं पदयात्रा, हुआ भव्य अभिनंदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयघोष के साथ श्री श्याम सेवा समिति (रेलवे स्टेशन) के संरक्षक और प्रसिद्ध श्याम भक्त बाबूलाल वर्मा ने अपनी 50वीं पदयात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर एक नई मिसाल पेश की है। चिड़ावा से खाटूधाम तक की इस स्वर्ण जयंती यात्रा के बाद वापस लौटने पर नगरवासियों और परिजनों ने उनका किसी नायक की तरह अभूतपूर्व स्वागत किया। बाबूलाल वर्मा ने अपनी यात्रा का श्रेय सूरजगढ़ के प्राचीन निशान को दिया और उनके साथ प्रस्थान किया। उन्होंने खाटूधाम पहुँचकर बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि वर्मा अब तक कुल 50 पदयात्राएं कर चुके हैं, जिनमें दो 'नॉन-स्टॉप' यात्राएं भी शामिल हैं, जो उनकी कठिन साधना और अदम्य साहस को दर्शाती हैं। गुरुवार सुबह जब बाबूलाल वर्मा चिड़ावा रेलवे स्टेशन पहुँचे, तो वहां का माहौल भक्तिमय हो गया। उनके स्वागत के लिए व्यापारियों और गणमान्य जनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी इस अवसर पर बाबूलाल वर्मा और यात्रा में साथ रहें साथियों का भव्य स्वागत किया। जिला बार संघ के अध्यक्ष रतन मोरवाल और बाबूलाल वर्मा की छोटी बहन स्नेहलता ने उन्हें माला, साफा, शाल और जैकेट पहनाकर सम्मानित किया। और जब वे अपने निवास स्थान पहुँचे, तो परिजनों और साथियों ने उन पर फूलों की बारिश कर खुशियाँ मनाईं। पार्षद मदन डाला ने कहा कि 50 यात्राएं केवल एक संख्या नहीं, बल्कि बाबा श्याम के प्रति अनन्य प्रेम और सेवा का मार्ग है। इस गौरवमयी क्षण के साक्षी बनने वालों में डॉ. बी.एम. वर्मा, पार्षद मदन डाला, सुरेश, सुन्दर लाल शर्मा, मोहनलाल वर्मा, नरेश गिरदावर, सोहन, बिजेंदर, श्री राम, सुरेंद्र, प्रेम सैनी, गुरु राम, और विनोद मीणा सहित भारी संख्या में श्याम भक्त और क्षेत्र के प्रबुद्ध जन शामिल रहे।

# गलत ब्लड से मौत पर जांच-रिपोर्ट ठंडे बस्ते मे

## मरीज चैना देवी की फाइल 7 महीने से मेडिकल एजुकेशन के पास, जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज में लापरवाही और मरीजों की मौत मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई के बजाए उन्हें बचाने पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। पिछले साल हुई दो बड़ी लापरवाही की घटना के बाद सरकारी स्तर पर जांच कमेटियां बनाई गई, ताकि जिम्मेदारों की पहचान हो सके। इन कमेटियों की जांच रिपोर्ट आने के कई महीने बाद भी डिपार्टमेंट की तरफ से एक्शन नहीं लिया गया। ट्रोमा सेंटर अग्निकांड के 3 महीने बाद भी हाल ही जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की बजाए उस फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया। वहीं चैनी देवी की मौत मामले में बनी कमेटी की रिपोर्ट पर भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले की फाइल भी पिछले 7 महीने से धूल फांक रही है। इस केस में गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने से चैना देवी की मौत 21-22 मई 2025 को हो गई थी। इस मामले के बाद स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सीनियर और कुछ रिटायर्ड डॉक्टर्स की जांच कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने जुलाई 2025 में अपनी रिपोर्ट दे दी थी। साथ ही जिम्मेदारों को भी चिह्नित करते हुए बरती गई लापरवाही को उजागर किया था,

# खेल मंत्री राठौड़ बोले-खिलाड़ियों को देंगे इंटरनेशनल स्तर की सुविधाएं:

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में गुरुवार से 20वीं ऑल इंडिया हनुमान सिंह विमेंस हैंडबॉल चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन युवा मामले और खेल विभाग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान में खेलों का माहौल तेजी से विकसित हो रहा है। राज्य के हैंडबॉल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**उन्होंने कहा-** राजस्थान के कई हैंडबॉल खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा हैं और सरकार का प्रयास है कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक संसाधन मिलें, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

## 10 टीमें लेंगी हिस्सा

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया- प्रतियोगिता का आयोजन हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ और हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इसमें मेजबान राजस्थान सहित देश की 10 शीर्ष टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, नॉर्दर्न रेलवे, बीएसएफ, सीआईएसएफ और एलपीयू फगवाड़ा शामिल हैं। इस मौके पर राज्य हैंडबॉल संघ अध्यक्ष ललित कुमार कलाल और भारतीय महिला हैंडबॉल टीम के हेड कोच सचिन चौधरी भी मौजूद रहे।

# टी20 विश्वकप सुपर-8 : दक्षिण अफ्रीका का अजेय अभियान जारी, वेस्टइंडीज को रौंदकर सेमीफाइनल में मारी एंट्री

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडेन मारक्रम (नाबाद 82 रन) के अर्धशतक के साथ उनकी दो साझेदारियों से बृहस्पतिवार को यहां सुपर आठ के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। टीम ने अपनी बेहतरीन रणनीति की बदौलत जीत की लय जारी रखी।

### दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए

यह उनकी लगातार छठी जीत थी जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर लगाम लगाई। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए जिससे मेजबान भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। इस हार से कैरेबियाई टीम के नेट रन रेट पर असर पड़ा जो 5.350 से घटकर 1.791 हो गया।

### दक्षिण अफ्रीका की सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की की

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरा जिसने निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) के बीच रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। फिर दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान मारक्रम (46 गेंद, सात चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और क्विंटन डिकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन की भागीदारी और रेयान रिकलटन (नाबाद 45 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82 रन की अटूट साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर में 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने नियंत्रण बनाए रखा। मारक्रम और डिकॉक ने तेज गेंदबाजों और स्पिनर दोनों पर आराम से रन जुटाकर शानदार साझेदारी की। डिकॉक ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। लेकिन वह लांग ऑन पर जेसन होल्डर को कैच देकर आउट हो गए। मारक्रम ने गुडाकेश मोती की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रिकलटन क्रीज पर उतरे और उन्होंने मारक्रम का अच्छा साथ निभाया। मारक्रम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया।

इससे पहले पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे।

इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (22 रन देकर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (30 रन देकर तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था लेकिन शेफर्ड (37 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) और होल्डर (31 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 57 गेंद में 89 रन की रिकॉर्ड साझेदारी करके टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने स्पिनर केशव महाराज से शुरूआत कराई लेकिन कप्तान शाई होप (16) ने शुरू में ही जोश दिखाते हुए दो छक्के और एक चौका लगा दिया। दूसरे छोर पर ब्रैंडन किंग (21 रन) ने मार्को यानसेन के बाउंड्री लगाई जिससे वेस्टइंडीज ने दो ओवर में 29 रन बना लिए। पर इसके बाद शीर्ष क्रम के चरमराने के सिलसिला शुरू हुआ। रबाडा ने होप को कैच आउट कराया।


फिर शिमरोन हेटमायर (02) भी आउट हो सकते थे लेकिन कॉर्बिन बॉश ने मिड-ऑन पर उनका कैच छोड़ दिया। हालांकि रबाडा ने तीन गेंद बाद हेटमायर को पवेलियन भेज दिया।



इसके बाद फॉर्म में चल रहे एनगिडी ने चौथे ओवर में दोहरा झटका दिया। किंग ने उन पर लगातार दो चौके लगाने के बाद कैच आउट हो गए। फिर दो गेंद बाद एनगिडी ने रोस्टन चेस (02) के स्टंप उखाड़ दिए। इस तरह वेस्टइंडीज ने 10 गेंद के अंदर चार विकेट खो दिए थे और चार ओवर के बाद उनका स्कोर चार विकेट पर 44 रन था। शेरफाने रदरफोर्ड (12) ने थोड़ी कोशिश की और बॉश की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से एक लंबा छक्का लगाया लेकिन अगली ही गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच देकर आउट हो गए।

एनगिडी ने तीसरा विकेट रोवमैन पॉवेल (09) के रूप में लिया जिससे वेस्टइंडीज ने 71 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। मैथ्यू फोर्ड (11) एक छक्का लगाने के तुरंत बाद बॉश का दूसरा शिकार बने। फिर लग रहा था कि वेस्टइंडीज की टीम जल्द ही सिमट जाएगी, होल्डर और शेफर्ड ने टीम को संभाला। होल्डर ने अंत में यानसेन के एक ओवर में 22 रन बनाए। लेकिन वह अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर रन आउट हो गए।

# मियोमिर केकमानोविच ने ज्वेरेव को चौंकाया, मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे



**अकापुल्को (मेक्सिको) (एजेंसी)।** मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज़्यादा चले कड़े मुकाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया।

केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा। मैच के बाद केकमानोविच ने कहा, 'यह बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं। इसलिए मैं खुश हूं कि आखिरकार कुछ चीजें मेरे हिसाब से हो रही हैं।'

उन्होंने खास मौकों पर अग्रेसिव तरीके से खेला और असरदार सर्व किया, जबकि ज्वेरेव अपने बैकहैंड पर कंसिस्टेंसी के लिए जूझते रहे, उन्होंने 17 अनफोर्स्ड 'गलतियां कीं, जबकि केकमानोविच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ, केकमानोविच ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया।

दूसरे मैचों में पांचवीं सीड फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिंग से होगा जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया। इस बीच अमेरिकन ब्रैंडन नाकाशिमा ने अपने ही देश के पैट्रिक किप्सन को 6-4, 6-4 से हराकर अपनी 100वीं टूर-लेवल हार्ड-कोट 'जीत दर्ज की। किप्सन ने इससे पहले पिछले राउंड में दूसरे सीड एलेक्स डी मिनौर को चौंका दिया था।

# टी20 विश्वकप सेमीफाइनल से अब कौन सी टीम बाहर होगी ?

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप सुपर-8 से अब तक एक टीम श्रीलंका बाहर हो गयी है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। वहीं अब एक और टीम का बाहर होना तय है। ये मुकाबला मैच ग्रुप-1 में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं भारतीय टीम के प्रशंसक वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जीत चाहेंगे क्योंकि इससे भारतीय टीम के सेमीफाइनल की उम्मीदें बनी रहेंगी।


दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज, दोनों का रनरेट बहुत अच्छा है। ऐसे में इस मुकाबले की विजेता टीम के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का अच्छा अवसर है।

ग्रुप-1 की अंकतालिका पर नजर डालें तो चारों टीमों ने अपना एक-एक सुपर 8 मैच खेल लिया है। वेस्टइंडीज दो अंक और सबसे बेहतर रनरेट प्लस 5.350) के साथ नंबर-1 पर बनी हुई है। उसने जिम्बाब्वे को 107 रनों से हराया था। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की टीम के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका का रनरेट प्लस 3.800 है। भारत के खिलाफ जीत के साथ ही उसे दो अंक मिले थे। वहीं भारत और जिम्बाब्वे को टीमें अपना-अपना पहला सुपर 8 मैच हारकर तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।भारत का रनरेट -3.800 है, जबकि जिम्बाब्वे का रनरेट -5.350 है। भारत और जिम्बाब्वे के मुकाबले में हारने वाली टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार हरमनप्रीत

**होबर्ट (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ वापसी करने उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में 6 विके से हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में मेजबान टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फिट हो गयी हैं। हरमनप्रीत को पहले एकदिवसीय में चोट लग गयी थी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हरमनप्रीत अब ठीक है और खेलने जा रही हैं। पहले एकदिवसीय में बल्लेबाजी के दौरान घुटने में चोट लगने से हरमनप्रीत मैदान पर नहीं लौट पाई थीं, जिससे टीम की चिंताएं बढ़ गई थीं।

वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से कहा गया है कि हरमनप्रीत को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी और मेडिकल स्टाफ उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। कप्तान के नहीं होने से उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। वहीं अब अब कप्तान की वापसी से प्रबंधन को भी राहत मिली है।




पहले मुकाबले में भारतीय टीम 48.3 ओवर में 214 रन ही बना पायी थी जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट शेष रहते 38.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अब भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा।

दीप्ति ने कहा कि टीम ने पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था हालांकि टीम जीत हासिल करने में सफल नहीं रही। उन्होंने कहा कि टीम दूसरे मुकाबले में और प्रयास करेगी। साथ ही कहा कि टीम अपनी पिछली गलतियों से उबरकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय टीम ने एकदिवसीय सीरीज से पहले शानदार प्रदर्शन कर टी20 सीरीज जीती थी और उसी प्रदर्शन से टीम प्रेरित होकर उतरेगी। भारतीय टीम जानती है कि ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ निरंतरता बनाए रखना उसके लिए आसान नहीं रहेगा।

## इंग्लैड-न्यूजीलैंड मैच पर टिकीं पाकिस्तान की संभावनाएं

कोलंबो ।न्यूजीलैंड की श्रीलंका के खिलाफ जीत से न केवल सह मेजबान श्रीलंकाई टीम आईसीसी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल से बाहर हो गयी है बल्कि इससे पाकिस्तान की संभावनाएं भी घटी हैं।न्यूजीलैंड की टीम अब प्लस 3.050 के रन रेट से अंक तालिका में काफी आगे बढ़ गयी है।ऐसे में पाक टीम के सेमीफाइनल की संभावनाएं अब दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर हो गयी है।पाक टीम अब उम्मीद करेगी कि हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम शुक्रवार को होने वाले मुकाबले में न्यूजीलैंड को हरा दे।इस मुकाबले में अगर इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड को हरा देती है, तो पाकिस्तान के पास अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने का अवसर रहेगा।इस दौरान पाक टीम चाहेगी कि न्यूजीलैंड की हार और उनकी अपनी जीत का अंतर इतना बड़ा हो कि वह न्यूजीलैंड का नेट रन रेट (प्लस 3.050 को पीछे छोड़ सके।पाक टीम के लिए सकारात्मक बात ये है कि इंग्लैंड के खिलाफ उसे बड़ी हार नहीं मिली थी।ऐसे में उसका नेट रन रेट अभी भी अच्छा बना हुआ है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ अधिक प्रयोग से बचे भारतीय टीम : पोंटिंग



सिडनी ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले सुपर-8 मुकाबले को देखते हुए एक अहम सलाह दी है।पोंटिंग का कहना है कि इस मैच में भारतीय टीम को अधिक बदलाव नहीं करते हुए वहीं अंतिम ग्यारह उतारनी चाहिये जो अबतक तक खेलती आई है।पोंटिंग के अनुसार अधिक प्रयोग कि रणनीत नुकसानेह साबित हो सकती है।इस पूर्व कप्तान के अनुसार बड़े टूर्नामेंट में स्थिरता और संतुलन से ही जीत मिलती है।इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में अपना संयोजन बदला था जिससे उसे काफी नुकसान हुआ था।उस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाजी होने के कारण उपकप्तान अक्षर पटेल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को अवसर दिया था पर ये प्रयोग विफल रहा।उस मैच में सुंदर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही विफल रहे थे।पोंटिंग ने कहा कि केवल विरोधी टीम में अधिक बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के कारण ही बदलाव नहीं किया जाना चाहिये।इस कारण अक्षर को बाहर रखना सही फैसला नहीं था।उनके अनुसार कप्तान को अपनी समझ के अनुसार गेंदबाजों का सही समय पर इस्तेमाल करना चाहिये।पोंटिंग का मानना है कि बड़े टूर्नामेंट में जरुरत से अधिक रणनीतिक बदलाव कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं।उन्होंने कहा कि भारत को अब सरल सोच अपनानी चाहिए और अपनी सबसे संतुलित टीम मैदान में उतारनी चाहिए।दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी आक्रमण के सामने भारतीय बल्लेबाजी बेबस नजर आयी थी।मार्को जेनसन और केशव महाराज ने उस मैच में भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया था।

# टी20 विश्वकप सुपर-8 में आज इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी न्यूजीलैंड

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। कीवी टीम के स्पिनरों ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और वह यही सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर काफी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए लय बनाये रखना रहेगा। कप्तान हैरी ब्रुक के अलावा उसके उन्य बल्लेबाज पिछले सुपर-8 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ असफल रहे थे। ऐसे में वे अपना फार्म हासिल करना चाहेंगे।

दूसरी ओर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद न्यूजीलैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा प्लस 3.050 हो गया है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी पर अगर वह मामुली अंतर से हारती भी है तो भी उसकी सेमीफाइनल की संभावनाएं बनी रहेंगी। वहीं इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। ऐसे में पाक टीम नेट रन रेट में तभी आगे निकल सकती है जब न्यूजीलैंड को मैच में बड़ी हार मिले। न्यूजीलैंड की टीम जिस प्रकार श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ सहजता से उतरी थी उससे तय है कि इस मैच में भी वह उसी टीम के साथ उतरेगी।




इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही पाक स्पिनरों साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान के सामने काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और उनका लक्ष्य कीवी टीम के खिलाफ इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा हालांकि ये इतना आसान नहीं रहेगा क्योंकि कीवी स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर कहर ढ़ा सकते हैं।

ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं पर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का फार्म में नहीं होना इंग्लैंड के लिए चिन्ताजनक है । टीम को अपने गेंदबाजों विल जैक्स और लियाम डॉसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 रन भी काफी अच्छे माने जाएंगे।

वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र का मानना है कि उनका स्पिन आक्रमण अच्छा है पर इंग्लैंड को कम आंकना भूल होगी। रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा ही आत्मविश्वास बनाये रखना होता है क्योंकि हमें अंदाजा है कि पिच कैसी होगी पर मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी।

विरोध टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। साथ ही कहा कि टी20 प्रारुप में कुछ भी हो सकता है जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी जीत उसकी की होगी। श्रीलंका के खिलाफ जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार है

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।


# विनीसियस के गोल से रियाल मैड्रिड बेनफिका को हराकर अंतिम 16 में पहुंची



मैड्रिड । विनीसियस जूनियर के गोल से रियाल मैड्रिड की टीम बेनफिका को 2-1 से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल के अंतिम 16 में पहुंच गयी है।दूसरे चरण के इस मुकाबले में रियाल जीत के साथ ही अब 3-1 से आगे हो गयी है।उसने पहला चरण भी 1-0 से जीता था।दूसरे चरण में बेनफिका की ओर से 14वें मिनट में राफा सिल्वा ने गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दो मिनट बाद ही ऑरेलियन चोउमेनी ने एक गोल कर रियाल को बढ़त दिला दी।मैच के 80वें मिनट में विनीसियस जूनियर ने एक गोल कर स्कोर 2-।कर दिया।वहीं एक अन्य मुकाबले में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने मोनाको को 3-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी।दोनों टीमों के बीच दूसरा चरण 2-2 से बराबरी पर रहा, हालांकि पहले चरण में मिली बढ़त से पीएसजी को लाभ हुआ।एक अन्य मुकाबले में इटली की अटलांटा ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को दूसरे चरण में 4-1 से हराया।इस जीत के साथ ही अटलांटा अंतिम 16 में पहुंच गयी।एक अन्य मुकाबले में युवेंटस गैलाटासराय के खिलाफ दूसरे चरण में 3-2 से जीत के बाद भी टूर्नामेंट से बाहर हो गयी ।

# पीएसजी ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में मोनाको को हराकर अगले दौर में जगह बनायी

पेरिस ।पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) क्लब यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल में जीत के साथ ही अंतिम-16 में पहुंच गयी है।पीएसजी ने प्ले-ऑफ के दूसरे लेग में एएस मोनाको के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलते हुए कुल 5-4 की बढ़त के साथ ही अंतिम-16 में जगह बनायी है।इस मुकाबले के पहले हाफ से ही मोनाको ने अच्छी शुरुआत करते हुए एक गोल दागकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।वहीं दूसरे हाफ में पीएसजी के कप्तान मार्क्विनहोस ने डेसिरे डूए के क्रॉस पर गोल दागकर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी पर ला दिया।इसके बाद ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने एक गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। वहीं मोनाको के स्थानापन्न खिलाड़ी जॉर्डन टेजे ने अतिरिक्त समय में गोल कर मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर लाकर एक बार फिर रोमांचक बना दिया।अंत में पीएसजी ने 5-4 की बढ़त हासिल करते हुए मुकाबला अपने नाम किया।वहीं पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, हम काफी कठिन टीमों से खेलना पड़ा है।अब हमें चेल्सी और बार्सिलोना जैसी बेहतरीन टीमों से खेलना है।इस इस प्रकार के मुकाबले के लिए तैयार हैं।वहीं एक अन्य मुकाबले में गैलाटसराय ने जुवेंटस को वापसी नहीं करने दी और 7-5 के कुल स्कोर से राउंड ऑफ 16 में जगह बनायी।गैलाटसराय एस.के. ने जुवेंटस एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर शानदार जीत दर्ज की।पहले लेग के बाद तीन गोल से पिछड़ने के बावजूद मेजबान टीम ने हार नहीं मानी और मुकाबले को अतिरिक्त समय तक खींच लिया।



# टी20 विश्व कप : अभिषेक को ब्रेक देता, अहम मुकाबले से पहले पूर्व बल्लेबाज का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 चरण में भारत के लिए ज़िम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबला करो या मरो जैसा बन गया है। चेन्नई के चेपॉक में होने वाले इस अहम मैच से पहले पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे अभिषेक शर्मा को आराम देकर संजू सैमसन को मौका दिया जाना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार के बाद टीम इंडिया पर दबाव बढ़ गया है और हर चयन अब निर्णायक साबित हो सकता है।

### सहवाग की स्पष्ट सलाह: अभिषेक को दें ब्रेक

वीरेंद्र सहवाग ने साफ कहा कि इतने महत्वपूर्ण मैच में फॉर्म को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनके अनुसार, यदि वह टीम मैनेजमेंट का हिस्सा होते तो अभिषेक शर्मा को आराम देकर संजू सैमसन को आजमाते। अभिषेक का मौजूदा टूर्नामेंट बेहद निराशाजनक रहा है। ग्रुप स्टेज में वह लगातार तीन बार शून्य पर आउट हुए और सुपर 8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 12 गेंदों में 15 रन बना सके। बीमारी और लय की कमी ने उनके आत्मविश्वास पर भी असर डाला है।



### नेट रन रेट और दबाव की स्थिति

टी20 विश्व कप में भारत की स्थिति फिलहाल अस्थिर है। दक्षिण अफ्रीका से 76 रन की हार के बाद टीम का नेट रन रेट -3.800 तक गिर गया है। यदि वेस्ट इंडीज अपने मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराता है, तो समीकरण और जटिल हो सकते हैं। ऐसी परिस्थिति में कप्तान Suryakumar Yadav की अगुवाई वाली टीम को न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि बड़े अंतर से जीत की कोशिश भी करनी पड़ेगी। हर चयन और रणनीति टूर्नामेंट में बने रहने के लिहाज से अहम हो गई है।

### क्या रणनीति में बदलाव जरूरी है?

सहवाग ने टीम की रणनीति का बचाव करते हुए कहा कि समस्या टैक्टिक्स में नहीं, बल्कि क्रियान्वयन में रही है। उनके मुताबिक चयन में कुछ बदलाव हो सकते हैं, लेकिन असली जरूरत बेहतर प्रदर्शन की है। Tilak Varma भी इस टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टॉप और मिडिल ऑर्डर की नाकामी ने मध्यक्रम पर अतिरिक्त दबाव डाला है। यही कारण है कि चयन को लेकर बहस तेज हो गई है।


### मिडिल ऑर्डर की चुनौती

अभिषेक और तिलक की संघर्षपूर्ण फॉर्म के कारण टीम का संतुलन प्रभावित हुआ है। बैटिंग कोच सीतांशु कोटक ने भी ज़िम्बाब्वे मुकाबले से पहले इस मुद्दे को स्वीकार किया था और सुधार की जरूरत पर जोर दिया था। यदि टॉप ऑर्डर जल्दी आउट होता है, तो मिडिल ऑर्डर पर रन गति बनाए रखने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ऐसे में अनुभवी विकल्प के तौर पर संजू सैमसन को शामिल करना एक रणनीतिक कदम हो सकता है।

### चेपॉक में निर्णायक परीक्षा

चेन्नई की पिच स्पिन और धीमी गेंदबाज़ी के लिए जानी जाती है, जहां शॉट चयन और धैर्य अहम भूमिका निभाते हैं। टीम मैनेजमेंट को यह तय करना होगा कि क्या युवा खिलाड़ियों को एक और मौका दिया जाए या अनुभव को प्राथमिकता दी जाए।

जिम्बाब्वे के खिलाफ यह मुकाबला सिर्फ एक लीग मैच नहीं, बल्कि भारत के टी20 वर्ल्ड कप अभियान का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। सहवाग की सलाह ने चयन पर बहस को और तेज कर दिया है, और अब सबकी नजरें प्लेइंग इलेवन पर टिकी हैं।



# 'वाराणसी' को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं प्रियंका चोपड़ा

**प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। लेकिन अभिनेत्री एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' को लेकर काफी उत्साहित हैं।**

प्रियंका इस फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। यही कारण है कि प्रियंका 'वाराणसी' को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में पति निक जोनस के साथ 'द ब्लफ' के वर्ल्ड प्रीमियर में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने 'वाराणसी' को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने इसे करियर-डिफाइनिंग बताते हुए कहा कि 'वाराणसी' उनके लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सात साल बाद किसी भारतीय फिल्म से दूर रहने के बाद, इस फिल्म को पहले से ही आने वाले समय की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में से एक माना जा रहा है। प्रियंका ने निर्देशक राजामौली को भारत के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक बताया। साथ ही कहा कि वो अपनी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।

### अगले साल 7 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित 'वाराणसी' की घोषणा पिछले साल की गई थी। हैदराबाद में फिल्म का एक बड़ा इवेंट हुआ था, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई थी। इस फिल्म में महेश बाबू रुद्र के किरदार में नजर आएंगे। वो फिल्म में भगवान राम के अवतार में भी दिखाई देंगे। इसके अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन की भूमिका निभाएंगे, उनके किरदार का नाम कुंभा है। जबकि प्रियंका चोपड़ा फिल्म में मंदाकिनी के किरदार में दिखाई देंगी। 'वाराणसी' 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# अरेंज मैरिज को भी तैयार हैं मृणाल ठाकुर;

## खुद को बताया धनुष की बड़ी फैन

मृणाल ठाकुर इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चाओं में हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री अपनी शादी की खबरों को लेकर भी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच मृणाल का धनुष के साथ भी लगातार नाम जोड़ा जा रहा है। हालांकि, अभिनेत्री लगातार इन खबरों का खंडन करती रही हैं। अब अभिनेत्री ने एक बार फिर शादी और धनुष से अफेयर की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही बताया कि घर में उनकी शादी को लेकर माता-पिता की क्या राय है। बातचीत में मृणाल ने बताया कि घर में शादी को लेकर चर्चाएं अब आम बात हो गई हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता के मन में शादी की घंटियां बजती रहती हैं, मानो वे दिन में सपने देख रहे हों। कल रात ही पापा ने मुझसे कहा, 'अब तुम्हें शादी कर लेनी चाहिए।' मैंने कहा, 'क्यों न आप अपनी बहन को फोन करके पूछें कि क्या वह आपकी बेटी के लिए कोई अच्छा लड़का जानती है?' उन्होंने पूछा, 'लड़का कहां है?' मैंने कहा, 'बिल्कुल - लड़का कहां है?' अगर आप मुझसे ही यह सवाल पूछ रहे हैं, तो मैं क्या कहूं? यही तो हर घर की कहानी है।


### अरेंज मैरिज से मृणाल को नहीं कोई दिक्कत

अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे तयशुदा शादी से बिल्कुल भी डर नहीं लगता, क्योंकि मेरे लिए कोई सही रिश्ता मिलता ही नहीं है। हां, इतना तय है कि शादी सिर्फ दिखावे के लिए नहीं की जानी चाहिए। पहले, अरेंज मैरिज का मतलब होता था कि माता-पिता आपका परिचय किसी से करवाते थे। अब तो दोस्त भी लोगों का रिश्ता करवा देते हैं। यह भी एक तरह का अरेंजमेंट ही है। अंततः मायने यह रखता है कि चाहे प्यार हो या अरेंज मैरिज, अगर दो लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं और उनके बीच तालमेल बैठता है, तो वही मायने रखता है। वरना कुछ भी काम नहीं करता। आपको एक-दूसरे से जुड़ना होगा। परिवारों की सहमति भी जरूरी है। शादी सिर्फ एक पुरुष और एक महिला के बीच नहीं होती, यह दो परिवारों के बीच होती है। अगर सभी सहमत हैं, तो फिर शादी क्यों नहीं?



### मृणाल ने की धनुष की तारीफ

पिछले कुछ वक्त से मृणाल का नाम धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, मृणाल लगातार इन खबरों को नकारती रही हैं। इस बीच पिछले दिनों एक इंटरव्यू में मृणाल ने धनुष की जमकर तारीफ की थी। खुद को धनुष की बड़ी फैन बनाते हुए मृणाल ने कहा, 'रायन', 'मारी', 'रांझणा', 'कैप्टन मिलर' और 'असुरन' जैसी फिल्में देखने के बाद मैं उनकी बहुत बड़ी फैन बन गई हूं। मैं असुरन कई बार देख सकती हूं। वो एक इंस्टीट्यूट हैं। वो गीतकार, लेखक, डांसर, अभिनेता, निर्देशक, न जाने क्या-क्या हैं।



# 'सेयोन' में नए अंदाज में नजर आए शिवकार्तिकेयन

**अभिनेता शिवकार्तिकेयन के 41वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने फिल्म 'सेयोन' का टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म के निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन हैं और फिल्म का निर्माण कमल हासन ने किया है।**

शिवकार्तिकेयन के 41वां जन्मदिन के मौके पर निर्माताओं ने उनकी नई फिल्म 'सेयोन' का पहला टीजर रिलीज किया है। यह टीजर काफी दमदार है और शिवकार्तिकेयन के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। टीजर में शिवकार्तिकेयन एक बहुत ताकतवर और लगभग भगवान जैसे किरदार में नजर आ रहे हैं, जिसे लोग भगवान विरुमंडी कहकर बुलाते हैं।

### क्या है 'सेयोन' की कहानी

कहानी एक गांव के मंदिर उत्सव (मासी कलारी) के दौरान शुरू होती है, जहां पुलिस एक झगड़े की जांच कर रही है। लोग एक रहस्यमयी व्यक्ति के बारे में बात करते हैं। जब शिवकार्तिकेयन का किरदार थाने पहुंचता है, तो लोग उनके पैर छूते हैं और बहुत सम्मान से स्वागत करते हैं। एक पुलिस इंस्पेक्टर कहता है, 'ये भगवान विरुमंडी हैं।' एक बुजुर्ग महिला चिल्लाती है, 'ओजी वापस आ गया है'। इसके बाद एक झड़प होती है, जिसमें उनका किरदार किसी से हाथापाई करता है। देखते ही देखते यह पूरा सीन जोरदार एक्शन में बदल जाता है।

### 'सेयोन' के निर्माता हैं कमल हासन

फिल्म का नाम 'सेयोन' है और इसमें विरुमंडी का जिक्र कमल हासन की पुरानी फिल्म 'विरुमंडी' (2004) से जोड़ा गया है, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। टीजर में एक व्यक्ति बताता है कि शिवकार्तिकेयन का किरदार पहले सेना में था और बाद में गांव के संघर्ष में शामिल हो गया।

यह फिल्म शिवकार्तिकेयन और निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन की साथ में पहली फिल्म है। कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल इसे बना रही है। फिल्म में संगीत संतोष नारायणन का है।

# तापसी ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की



तापसी पन्नू अपनी शादी और पर्सनल जिंदगी को काफी सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने पति मैथियास से शादी से पहले 13 साल तक डेट किया, लेकिन किसी को कानों कान खबर नहीं लगने दी। इसके बाद उन्होंने शादी भी बिना किसी हो-हल्ले के सिंपल तरीके से कर ली, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी ही शामिल हुए। अब हाल ही में तापसी ने बताया कि उन्हें किस तरह का रिलेशनशिप पसंद है और क्यों उन्होंने 13 साल बाद मैथियास को अपना हमसफर बनाया?

एक्ट्रेस ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने मैथियास के बारे में कहा कि उन्होंने मुझे कभी भी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने दिया। शादी के बाद भी कुछ खास बदलाव नहीं आया। मैं लगभग भूल ही जाती हूं कि मैं शादीशुदा हूं। शादी से पहले मेरी सिर्फ एक ही शर्त थी कि शादी के बाद भी सब कुछ पहले जैसा ही रहे। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरे लिए रिश्ते में सहजता और कंफर्ट सबसे महत्वपूर्ण रखता है। यही कारण है कि मैंने मैथियास से शादी की, क्योंकि उनमें एक सहजता है।

### मैं नहीं चाहती शादी से रिश्ते में बदलाव आए

मैथियास बो एक प्रसिद्ध और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। अब वो भारत में भी कई खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। तापसी ने बताया कि शादी के बाद वो डेनमार्क नहीं गईं, बल्कि मैथियास यहां भारत में रहने लगे। मैथियास से शादी को लेकर तापसी ने कहा कि उनकी सहजता ही इसकी वजह थी। कोई भावनात्मक बोझ नहीं था, कोई बाध्यता नहीं थी। मैं कभी नहीं चाहती थी कि शादी पहचान में बदलाव का एहसास कराए। मेरा मानना है कि अगर रिश्ते में बदलाव आता, तो इसे औपचारिक रूप देने का कोई मतलब नहीं होता। हमें सचमुच एक-दूसरे के साथ रहना पसंद है। तभी हमने आगे बढ़ने का फैसला किया। क्योंकि लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में कई चुनौतियां आ रही थीं।

### शादी में एक-दूसरे पर निर्भर नहीं रहना चाहिए

तापसी का मानना है कि शादी में भी कभी एक-दूसरे पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उनका कहना है कि लड़कियों को शादी तभी करनी चाहिए, जब अपने बल पर खड़ी हो चुकी हों। उन्हें अपने पति पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, इससे रिश्ते में समानता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अपनी शादी में भी वो और मैथियास अपने-अपने पैसों का हिसाब अलग-अलग ही रखते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि शादी के बाद भी मैंने जो भी प्रॉपर्टी ली है, वो अपने नाम पर ही ली है। इससे एक-दूसरे पर निर्भरता नहीं आती।

# तापसी बहुत ही इंस्टिक्टिव अभिनेत्री है, वे बहुत सहज भी हैं, इसलिए यूनिक हैं



अनुभव सिन्हा उन फिल्मकारों में से हैं, जिन्हें मीनिंगफुल सिनेमा का चेहरा कहा जाता है। उनकी फिल्म देखकर थिएटर से निकलने के बाद अंदर कुछ बदल सा जाता है। इस पर वे कहते हैं, 'अगर ऐसा है, भी तो मैं इस पर यकीन नहीं करना चाहता, क्योंकि इससे मैं खुद को ज्यादा अहमियत देने लगूंगा। मैं मीनिंगफुल सिनेमा का चेहरा जैसे टैग को इग्नोर कर देता हूं, क्योंकि मेरा करियर काफी चलायमान रहा है।' वह तापसी पन्नू की तारीफ करते हुए कहते हैं, 'तापसी बहुत ही इंस्टिक्टिव अभिनेत्री है। वो अपने निर्देशक को बहुत गौर से सुनती हैं, उसे फील करती हैं। वे बहुत सहज भी हैं, इसलिए यूनिक एक्ट्रेस हैं।'

### 25 की उम्र में फिल्ममेकर बनने का खयाल, 'मुल्क' ने बदली धारा

अपनी बात आगे बढ़ाते हुए अनुभव सिन्हा कहते हैं, 'मैंने अपने करियर शुरुआत लव स्टोरी 'तुम बिन' से की, फिर आगे चलकर मैंने एक्शन फिल्म 'दस' बनाई। उसके बाद मैंने सुपरहीरो फिल्म बनाई और फिर मैं सोशियो पॉलिटिकल फिल्मों की तरफ आकर्षित हुआ। हो सकता है, मैं कल को कुछ और बनाने लगूं। देखिए, बचपन में तो मुझे पता ही नहीं था कि मैं फिल्ममेकर बनूंगा। 25 साल की उम्र में मुझे पता चला कि मैं फिल्मकार बनना चाहता हूं। मेरी एक ऐसी यात्रा रही, जहां फिल्ममेकिंग करियर था, मगर 'मुल्क' जैसी फिल्म ने काफी हद तक मेरे करियर की धारा मोड़ी। 'मुल्क' की आवाज ने जिस तरह से लोगों तक अपनी पहुंच बनाई, उसी ने मुझे इस विधा की ओर आकर्षित किया। मेरे करियर में हर जॉनर की 5-6 साल की जर्नी रही, मगर सोशियो पॉलिटिकल जॉनर में मैं सबसे ज्यादा रुक गया। ये सफर दस साल से चला आ रहा है। यहां मेरा कंफर्ट जोन सबसे ज्यादा है।'

### हमें बच्चों से वो बात करनी होंगी, बेटे को मर्द होने का फर्क समझाना होगा

हाल ही बच्चों के एक समूह द्वारा एक बच्ची की बलात्कार की खबर ने लोगों को हिलाकर रख दिया था। इस पर वह कहते हैं, 'ये वो बच्चे हैं, जिन्हें फिजिकल इंटिमेसी का सही अर्थ भी पता नहीं होगा। मुझे लगता है कि हमारी अपने बच्चों से कुछ बातचीतें रह गई हैं। हमें अपने बच्चों से और ज्यादा बात करने की जरूरत है। खास तौर पर अपने बेटों से। उन्हें एक मर्द होने का फर्क समझना होगा। उन्हें अपने अधिकार और ख्वाहिशों की सीमा मालूम होनी चाहिए, क्योंकि अपराध तभी शुरू होता है, जब आप अपनी ख्वाहिशों का दायरा लांघ जाते हैं।'

### मर्द के लिए औरत की तरह फील करना मुश्किल है

'अस्सी' के बारे में वह कहते हैं, 'इस फिल्म में मैं मानसिक रूप से बहुत खर्च हुआ हूं। मुझे औरत बनना पड़ता है। बहुत मुश्किल होता है एक मर्द के लिए औरत की तरह फील करना। हमारी वो ट्रेनिंग नहीं है। औरत होना बहुत मुश्किल है। ये कैसी विडंबना है कि जिसे हमने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा किरदार माना है, जाने -अनजाने हमने उसका इस्तेमाल ही किया है। चाहे मां हो, बहन हो या पत्नी हो। मैं अपने दोस्तों से कहता हूं कि सड़क पर एक बार औरत बनकर चलने की कोशिश करो। वो दुनिया ही अलग है। एक बच्ची को बचपन से ही बता दिया जाता है कि वो अलग है। वो स्वच्छंद हो ही नहीं पाती।'

### छोटी फिल्मों को ज्यादा थिएटर भी नहीं मिल पाते

अनुभव सिन्हा अच्छा सिनेमा और बॉक्स ऑफिस की इसी बानगी में आगे बताते हैं, 'अब जैसे मेरी 'भीड़' और 'अफवाह' को बहुत अच्छे रियूज मिले, मगर वो एक अलग दौर था। लोगों का थिएटर से नाता टूट गया था। वो फिल्में गलत दौर में आईं। छोटी फिल्मों को ज्यादा थिएटर भी नहीं मिल पाते।



## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में भीषण बाढ़, कम से कम 25 की मौत, सैकड़ों लोग विस्थापित

**जुइज डी फोरा, एजेंसी।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में आई भीषण बाढ़ में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनों लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार सबसे ज्यादा प्रभावित मिनास गेरैस प्रांत में हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में और बारिश की चेतावनी दी है। मूसलाधार बारिश सोमवार को जुइज डी फोरा और उबा शहरों में शुरू हुई, जो रियो डी जनेरियो से लगभग 310 किलोमीटर उत्तर में स्थित हैं। भारी वर्षा के कारण करीब 440 लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। मिनास गेरैस के अग्निशमन विभाग ने बताया कि सोमवार देर रात से अब तक 43 लोग लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। विभाग द्वारा जारी वीडियो में दोनों शहरों की जलमग्न सड़कें दिखाई गईं, जहां एक नदी ने अपना मार्ग बदल लिया।

### 100 साल पुराने रेस्तरां वीरास्वामी को बचाने की मांग बकिंघम पैलेस पहुंची, 20 हजार लोगों ने किया समर्थन

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के प्रसिद्ध भारतीय रेस्तरां वीरास्वामी को बंद होने से बचाने की मांग अब बकिंघम पैलेस तक पहुंच गई है। 20 हजार से अधिक लोगों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर कर किंग चार्ल्स तृतीय से हस्तक्षेप की अपील की है। रेस्तरां के कर्मचारी और समर्थक पैलेस के बाहर इकट्ठा हुए और अपनी मांग रखी। याचिका की एक प्रति क्राउन एस्टेट को भी सौंपी गई, जो रीजेंट स्ट्रीट स्थित विक्टरी हाउस इमारत का मालिक है। इसी इमारत में वीरास्वामी पिछले करीब 100 साल से संचालित हो रहा है। प्रबंधन का कहना है कि रेस्तरां मार्च 1926 में शुरू हुआ था और यह भारत-ब्रिटेन सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बन चुका है। यहां कई प्रसिद्ध हस्तियां भोजन कर चुकी हैं। क्राउन एस्टेट का कहना है कि इमारत में बड़े स्तर पर मरम्मत की जरूरत है और जगह का उपयोग कार्यालय के रूप में किया जाएगा। रेस्तरां संचालित करने वाली कंपनी ने अपने किरायेदारी अधिकार बचाने के लिए कानूनी कदम उठाए हैं। मामले में अंतिम फैसला जुलाई 2026 तक आने की उम्मीद है।

### नेपाल में आम चुनाव के लिए 3 दिन होगी सार्वजनिक छुट्टी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल सरकार ने 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर देश में तीन दिवसीय सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर 4, 5 और 6 मार्च को अवकाश रहेगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेपाल के मधेस प्रांत से लगी भारतीय सीमा को मतदान संपन्न होने तक 72 घंटे के लिए पूरी तरह सील करने का निर्णय लिया गया है। भारत और नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह तय हुआ कि बारा और पर्सा जिलों से सटे सीमा बिंदु 3 मार्च से बंद रहेंगे। पिछले वर्ष के राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद यह नेपाल का पहला चुनाव है। कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने निष्पक्ष चुनाव का भरोसा जताते हुए इसे लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य बताया है।

### बांग्लादेश में राष्ट्रपति को फिर मिला प्रेस विंग

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की नई सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के कार्यालय में दोबारा प्रेस विंग स्थापित कर दिया। राष्ट्रपति का प्रेस विंग इससे पहले अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल में समाप्त कर दिया गया था। लोक प्रशासन मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मोहम्मद सरवर आलम को बंगभवन राष्ट्रपति भवन में फिर से प्रेस सचिव नियुक्त किया गया है। वह कार्यभार संभालने की तारीख से एक वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। सरवर आलम वर्ष 2024 में सत्ता परिवर्तन के समय भी प्रेस सचिव थे, लेकिन यूनुस की अंतरिम सरकार ने उनकी संविदा नियुक्ति को समाप्त कर दिया था। इसी के साथ राष्ट्रपति के उप-प्रेस सचिव और सहायक प्रेस सचिव के पद भी खत्म कर दिए गए थे। इसके अलावा, बंगभवन में करीब 30 वर्षों से कार्यरत दो फोटोग्राफरों को भी हटा दिया गया था।

### खैबर पख्तूनख्वा से पंजाब प्रांत तक आतंक का साया, पुलिस वैन पर हमले से सात की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके में पुलिस पर हुए दोहरे हमले ने सुरक्षा हालात पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में संदिग्ध आतंकियों ने पुलिस वाहनों को निशाना बनाकर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में कम से कम छह पुलिसकर्मियों और एक आम नागरिक की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पहला हमला कोहाट में एक पुलिस वाहन पर किया गया, जिसमें एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

# अमेरिकी संसद में ट्रम्प फिर बोले- भारत-पाक युद्ध रुकवाया

## गाजा सीजफायर को जीत बताया, ईरान पर 32000 प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया। अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया।

**भाषण की बड़ी बातें... चेतावनी:** ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं और वे ऐसी मिसाइलें बनाने पर काम कर रहे हैं जो जल्द ही अमेरिका तक पहुंच जाएंगी।

**दावा:** भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।



**ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम:** ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है।

**गाजा संघर्ष विराम:** ट्रम्प ने गाजा में इजराइल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजराइली बंधक रिहा हो गए।

**महंगाई और कीमतें:** ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं।

**सोमाली समुदाय और धोखाधड़ी:** उन्होंने कहा कि सोमाली समुद्री लुटेरों ने रिश्वत, भ्रष्टाचार और अराजकता के जरिए मिनेसोटा को बर्बाद कर दिया।

**ऑयल प्रोडक्शन:** ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है।

**टैरिफ और व्यापार नीति:** ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15% वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही।

**एनर्जी प्रोडक्शन और वेनेजुएला:** ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया।

**वॉर ऑन फ्राडः** ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार की तरफ से 'धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाई' की लीडरशिप अब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ऐसी मिसाइल डेवलप कर रहा है जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं और वे ऐसी मिसाइलें बनाने पर काम कर रहे हैं जो जल्द ही अमेरिका तक पहुंच जाएंगी। ट्रम्प का कहना है कि ईरान ने 32,000 प्रदर्शनकारियों को मार डाला। वह अमेरिका को युद्ध में ले जाना चाहता है। ट्रम्प बोले- ईरान का न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम खत्म किया ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने पिछले साल ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हमला कर उसका न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम पूरी तरह खत्म कर दिया।

ट्रम्प ने कहा कि वे पहले कूटनीति से समस्या सुलझाना चाहते थे, लेकिन ईरान ने यह वादा नहीं किया कि वह नाभिकीय हथियार नहीं बनाएगा। उन्होंने कहा कि हमें वह सीक्रेट शब्द नहीं सुनाई दिए कि हम कभी एटमी हथियार नहीं बनाएंगे। ट्रम्प के भाषण के बीच कैपिटल के पास नेशनल मॉल में द पीपल्स स्टेट ऑफ द यूनियन नामक एक खुली रैली में कुछ डेमोक्रेटिक कांग्रेस सदस्य और कार्यकर्ता एकत्रित हुए हैं। आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य रिपब्लिकन प्रशासन की नीतियों का खामियों को उजागर करना है।

# 'जरूरी खनिजों पर चीन की पकड़ से रक्षा उद्योग को खतरा', अमेरिकी सांसदों ने दी चेतावनी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिजों और आधुनिक तकनीकी सप्लाई चेन्स को लेकर चिंता बढ़ रही है। अमेरिकी सांसदों ने चेतावनी दी है कि महत्वपूर्ण खनिजों पर चीन का दबदबा संकट के समय में अमेरिकी रक्षा उद्योग को कमजोर कर सकता है। वहीं, पेंटागन ने घरेलू सप्लाई चेन के पुनर्निर्माण के लिए किए गए विवादित इक्विटी निवेश और मूल्य गारंटी का बचाव किया है।

**'चीन पर अमेरिका की निर्भरता सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी' :** सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के अध्यक्ष रोजर विकर ने सप्लाई चेन के पुनर्निर्माण पर कांग्रेस की सुनवाई में कहा, 'यह कोई बढ़ा-चढ़ाकर कहना नहीं होगा कि महत्वपूर्ण खनिजों पर चीन के पर अमेरिका की निर्भरता हमारी सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरियों में से एक है।' उन्होंने चेतावनी दी कि दुर्लभ धातुओं (रेयर अर्थ) के निर्यात में कटौती की धमकियों से अमेरिकी रक्षा उत्पादन घुटनों पर आ जाता और अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होता। पेंटागन औद्योगिक नीति प्रमुख माइकल कैडेनाजी ने सीनेटरों को बताया कि यह जोखिम तत्काल है। उन्होंने कहा, 'यह कोई सैद्धांतिक जोखिम नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक स्पष्ट और मौजूदा खतरा है।' उन्होंने चेतावनी दी कि बीजिंग इन सप्लाई चेन को हथियार



बना सकता है, जिससे हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल बेस में रुकावट आने और संकट में मिलिट्री की तैयारी से समझौता करने का खतरा है। कैडेनाजी ने बताया कि विभाग ने डिफेंस प्रोडक्शन एक्ट के तहत और इंडस्ट्रियल बेस फंड के जरिए खनिज क्षेत्र में 97 करोड़ डॉलर का निवेश किया गया और अमेरिका एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहा है, जिसमें उत्पादन को वापस लाना, सहयोगियों के साथ काम करना, रिसर्च और रीसाइक्लिंग में निवेश व राष्ट्रीय रक्षा भंडार का आधुनिकीकरण करना शामिल है। उन्होंने दुर्लभ धातुओं के उत्पादन को सुरक्षित करने के लिए 'एमपी मैटेरियल्स समझौते' का जिक्र किया। हालांकि, दोनों दलों के सांसदों ने पेंटागन पर कैलिफोर्निया में एमपी मटेरियल्स नाम की दुर्लभ धातु खनन कंपनी में 40 करोड़ डॉलर की लागत से 15 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी लेने पर सवाल उठाए। रैंकिंग मेंबर जैक रीड ने इस तरह के निवेश के कानूनी आधार पर सवाल उठाया और कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन एक्ट में 'इक्विटी निवेश का बिल्कुल भी जिक्र नहीं है।

# अमेरिका हमले के लिए तैयार लेकिन तेहरान को अभी भी शांति की उम्मीद: ईरानी विदेश मंत्री


**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की सैन्य तैयारियों और बयानबाजी से लग रहा है कि अमेरिका, ईरान पर हमले के लिए तैयार है। हालांकि ईरान अभी भी शांति की बात कर रहा है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने एक ताजा बयान में कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ जल्द से जल्द एक न्यायसंगत और बराबरी वाला समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास एक ऐतिहासिक मौका है, जिसके तहत वे एक ऐसा समझौता कर सकते हैं जैसा पहले कभी नहीं हुआ। अराघची ने यह बात सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखी। यह बयान तेहरान और वॉशिंगटन के बीच होने वाली तीसरे दौर की अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता से पहले आया है। यह वार्ता गुरुवार को जिनेवा में होने वाली है। दोनों देश पहले भी दो चरणों में बातचीत कर चुके हैं।

अराघची ने कहा, 'पिछले राउंड में बनी समझ के आधार पर, ईरान जिनेवा में अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा, इस पक्के इरादे के साथ कि वह कम से कम समय में एक सही और बराबर डील करेगा।' उन्होंने कहा, 'हमारे बुनियादी यकीन बिल्कुल साफ हैं, ईरान किसी भी हालत में कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा; न ही हम ईरानी अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक के फायदों का इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को कभी छोड़ेंगे।' अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के पास एक ऐसा ऐतिहासिक मौका है, जिससे आपसी चिंताओं को दूर किया जा सके और साझा हितों को हासिल किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कूटनीति को प्राथमिकता दी जाए तो डील हो सकती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में अमेरिका ने मध्य पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई है। इसके साथ ही अमेरिका और ईरान के बीच दो दौर की अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता हो चुकी है। इन वार्ताओं में ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई है। मंगलवार को ही, ईरान के राजनीतिक मामलों के डिप्टी विदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने कहा कि ईरान यूएस के साथ न्यूक्लियर एग्रीमेंट करने के लिए जो भी जरूरी होगा।

# दावा- नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री ने आत्महत्या की कोशिश की

## एपस्टीन फाइल में नाम आया था ; भ्रष्टाचार केस में 10 साल जेल हो सकती है

**ओस्लो, एजेंसी।** नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई। कुछ खबरों में दावा किया गया कि नॉर्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई। यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। उनके वकील की फर्म एल्डेन लॉ फर्म ने सीएनएन को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार



का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी मामले की जांच कर रही नॉर्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पॉल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रॉपर्टी की तलाशी ली गई। एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्हें अपने पद के दौरान गिफ्ट, यात्राएं, कर्ज या अन्य फायदे मिले थे। तलाशी के बाद उन्हें औपचारिक रूप से संदिग्ध का दर्जा दे दिया गया है और अब उनसे पूछताछ की जाएगी। जगलैंड ने कहा था- एपस्टीन से रिश्ता गलत फैसला था जगलैंड 1996-1997 के बीच नॉर्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं। जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयॉर्क और पाम बीच वाली प्रॉपर्टी पर गए थे। यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी। साथ ही उसने कुछ अपने कारोबारी और वित्तीय प्लान आगे बढ़ाने के लिए भी मदद चाहता था। दस्तावेजों में जगलैंड को 'नोबेल बिग शॉट' कहा गया। इसमें यह भी लिखा था कि दोनों के रिश्ते ऐसे थे जिनमें एक तरफ जगलैंड का रसूख और पहचान काम आ रही थी, तो दूसरी तरफ एपस्टीन उन्हें लग्जरी ट्रिप, तोहफे और दूसरी सुविधाएं दे रहा था।

# अमेरिका में खास मेहमान बने आम लोग: ट्रंप ने एक सैनिक की पत्नी, पहली कक्षा की बच्ची का किया जिक्र

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में कुछ आम अमेरिकियों को खास जगह दी। उन्होंने अपनी नीतियों पर बात करने के दौरान एक छोटी बच्ची, एक सैनिक की पत्नी और एक कामकाजी महिला की कहानियों का सहारा लिया। ट्रंप ने इन मेहमानों के जरिए पिछली बाइडेन सरकार की नीतियों पर निशाना साधा और अपनी योजनाओं के फायदे गिनाए।

**अवैध प्रवासी की वजह से घायल हुई बच्ची :** ट्रंप ने सबसे पहले डालिला कोलमैन नाम की एक बच्ची का जिक्र किया। डालिला पहली कक्षा में पढ़ती है। वह एक भयानक कार एक्सीडेंट का शिकार हो गई थी। ट्रंप ने बताया कि यह एक्सीडेंट एक सेमी-ट्रक से हुआ था, जिसे एक गैर-कानूनी विदेशी चला रहा था। उस ड्राइवर के पास कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस (सीडीएल) था।

ट्रंप ने पिछली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उस ड्राइवर ने साल 2022 में बॉर्डर पार किया था और बाइडेन प्रशासन ने उसे देश में आने दिया था। इस हादसे में डालिला को दिमाग में गहरी चोट (ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी) लगी है और उसे सेरेब्रल पाल्सी हो गया है। अब उसे पूरी जिंदगी देखभाल और थेरेपी की जरूरत होगी। डालिला और उनके पिता इस कार्यक्रम में ट्रंप के साथ मौजूद थे।

**सैनिक की पत्नी और आईवीएफ की चर्चा :** इसके बाद ट्रंप ने कैथरीन नाम की महिला का परिचय दिया। कैथरीन एक सैनिक की पत्नी हैं और पहले स्पेशल एजुकेशन टीचर रह चुकी हैं। वह अपने काम के साथ-साथ आईवीएफ एडवोकेट भी हैं। कैथरीन खुद पिछले पांच साल से ज्यादा समय से मां न बन पाने (इनफर्टिलिटी) की समस्या से जूझ रही हैं। ट्रंप ने अपनी हेल्थकेयर योजना का जिक्र करते हुए बताया कि कैथरीन फरवरी की शुरुआत में लॉन्च हुई ट्रम्प आरएक्स साइट का इस्तेमाल करने वाली पहली मरीज थीं।

**टैक्स कटौती से परिवार को फायदा**

इसके साथ ही में ट्रंप ने मेगन हेमहॉसर की भी कहानी सुनाई। मेगन एक बारटेंडर हैं और रात में टेबल वेटर का काम भी करती हैं। इसके अलावा वह अपने दो बच्चों को घर पर ही पढ़ाती हैं। उनके पति भारी मशीनें (इक्विपमेंट) चलाते हैं और परिवार के लिए हर हफ्ते 10 से 15 घंटे ओवरटाइम करते हैं। ट्रंप ने अपनी आर्थिक नीतियों का हवाला देते हुए कहा कि 'वर्किंग फैमिलीज टैक्स कट्स' की वजह से मेगन के परिवार को बड़ा फायदा होगा। उन्हें हर साल 5,000 डॉलर से ज्यादा की एक्स्ट्रा बचत होगी। ट्रंप ने इन कहानियों के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की कि उनकी नीतियां आम अमेरिकी परिवारों की मदद कर रही हैं।

# अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टॉयलेट जाम

**तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टॉयलेट जाम हो चुके हैं। इससे 4,500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टॉयलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टॉयलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टॉयलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी।

**एयरक्राफ्ट पर 600 से ज्यादा टॉयलेट मौजूद :** यूएसएस जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट कैरियर बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार ऑपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। करीब 13 बिलियन डॉलर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है।

**क्या है मुसीबत की वजह बना वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम:** सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड वीसीएचटी सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टॉयलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। वीसीएचटी का पूरा नाम वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टॉयलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है।

**कैसे काम करता है :** घर के टॉयलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता वीसीएचटी सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है। बाद में उस वेस्ट को प्रोसेस या डिस्पोज किया जाता है। इसे ऐसे समझें जैसे वैक्यूम क्लीनर धूल को खींच लेता है। यहां भी वही तकनीक टॉयलेट सिस्टम में लागू होती है।

**जहाजों में यह सिस्टम क्यों जरूरी :** विमानवाहक पोत पर हजार से ज्यादा लोग महीनों तक समुद्र में रहते हैं। ऐसे में पानी सीमित होता है, जगह कम होती है। साथ ही पाइपलाइन सीधी नहीं, कई दिशा में जाती है। इसलिए कम पानी में काम करने वाला और लचीला सिस्टम लगाया जाता है। वीसीएचटी सिस्टम कम पानी में फ्लश कर देता है, जिससे पानी की बचत होती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

**बर्फबारी से कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित :** न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।



**न्यूयॉर्क में ट्रेन सेवा भी सस्पेंड रही :** तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयॉर्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्रॉडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नॉरईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई। नॉरईस्टर एक तरह का तेज तूफान होता है जो अमेरिका के पूर्वी तट पर आता है। इसे नॉरईस्टर इसलिए कहते हैं क्योंकि इसमें हवाएं आमतौर पर उत्तर-पूर्व (नॉर्थ-ईस्ट) दिशा से चलती हैं।

**गर्म और नम हवा मिलकर बनाती है यह तूफान :** अमेरिका के उत्तर-पूर्व में आने वाला यह विंटर स्टॉर्म इसलिए बनता है क्योंकि वहां मौसम की कुछ खास स्थितियां एकसाथ बन जाती हैं। सर्दियों में कनाडा की तरफ से बहुत ठंडी हवा नीचे की ओर आती है। उसी समय समुद्र की तरफ से हल्की गर्म और नम हवा ऊपर उठती है। जब ये दोनों आमने-सामने आती हैं तो मौसम अचानक बिगड़ जाता है और तेज बर्फीला तूफान बन जाता है। समुद्र भी इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। अटलांटिक महासागर का पानी ठंड के मुकाबले थोड़ा गर्म रहता है। इससे हवा में नमी बढ़ती है। जब यह नमी ठंडी हवा से मिलती है तो भारी बर्फ गिरने लगती है। आसमान में तेज रफ्तार से चलने वाली हवाएं भी इस सिस्टम को और ताकत देती हैं। इन हवाओं को जेट स्ट्रीम कहते हैं। स्थिति इतनी गंभीर रही कि 153 साल के इतिहास में पहली बार 'द बोस्टन ग्लोब' अखबार का प्रिंट संस्करण प्रकाशित नहीं हो सका, क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक पहुंच ही नहीं पाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com